जबलपुर
गुरुवार 10 सितंबर 2026
- भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-14
- वर्ष : 21, अंक : 128
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





4 मानवता व विरोध का वैचारिक ईकोसिस्टम

जबलपुर मैट्रो
14 ए क्लास से बी क्लास नपा में ..







## सागर जहरीली शराब कांड
### नई दिल्ली से सीधे सागर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# दोषियों को ऐसी सजा देंगे कि दोबारा कोई इस तरह की हिम्मत नहीं करेगा

- मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में मरीजों से की मुलाकात
- प्रशासनिक अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों के साथ की अहम बैठक
- प्रदेश के मुखिया ने अफसरों को कार्रवाई के लिए दिया फ्री-हैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दुबई से लौटने के बाद नई दिल्ली से सीधे सागर पहुंचे। उन्होंने जिला अस्पताल में जहरीली शराब के सेवन से गंभीर रूप से बीमार हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में कठोर कार्रवाई के लिए फ्री-हैंड दिया। मरीजों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से कहा कि मैंने यहां जहरीली शराब के सेवन से पीड़ित लोगों से मुलाकात की। इस मामले को लेकर मैंने यहां प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मैं कोई राजनीति नहीं करना चाह रहा हूं, पर कांग्रेस के शासनकाल में इस प्रकार के मामलों को लेकर कठोर कानून नहीं थे। हमारी सरकार ने इस मामले पर कानून बनाया।

**बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए**


जीएमसी अस्पताल में उपचाररत मरीजों से चर्चा करते हुए

## मुख्यमंत्री ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने प्रशासन को फ्री हैंड दिया है कि वह कठोर से कठोर कार्रवाई करे। अभी भी जहां-जहां भी कहीं और भी आवश्यकता लगती हो, तो कठोर कार्रवाई करें। अवैध अतिक्रमण जैसे मामलों में भी एक्शन लें। उन्होंने कहा कि हमने अधिकारियों से कहा है कि वह सीमा से लगे हुए राज्यों के अधिकारियों से भी संपर्क करें। हम दोषियों पर ऐसी कार्रवाई करेंगे कि दोबारा किसी की इस तरह के काम करने की हिम्मत नहीं होगी। हमने पूरे राज्य में निर्देश दिए हैं।

### मिलकर करें चुनौती का सामना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम शराब बंदी के लिए धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं। किसी के घर के पिता-पुत्र की मौत होना बहुत कष्टकारी है। मैं इस मामले में कांग्रेस के नेताओं से भी कहना चाहता हूं कि इस तरह के मामले में राजनीति न करके एकजुटता दिखाएं।






## खबर संक्षेप

### रेड के बाद जिम संचालक ने जमा किए 50 लाख रु.



**भोपाल।** फिटनेस 365 डिग्री जिम सेंटर पर सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) की कार्रवाई के बाद संचालक हुजेफा कुरैशी ने टैक्स चोरी के 50 लाख रुपए जमा कर दिए हैं। जांच में अब तक एक करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी सामने आई है। सीजीएसटी अधिकारियों की टीम दस्तावेजों की छानबीन कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, जिम में ग्राहकों को बिल जारी नहीं किए जा रहे थे, जिसके जरिए टैक्स चोरी की जा रही थी।

### कांग्रेस विधायक मिश्रा को धरना स्थल से हटाया



**भोपाल।** रीवा के गांधी स्मारक अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा और उसके नवजात बच्चे की मौत का मामला राजधानी तक पहुंच गया है। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने बुधवार को मंत्रालय के सामने धरना दिया। उन्होंने मामले की स्वतंत्र जांच और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की। भोपाल पुलिस विधायक को धरनास्थल से उठाकर ले गई। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में जवाबदेही का संकट है।

### शेयर बाजार: निवेशकों के 3.47 लाख करोड़ स्वाह



**मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार की गिरावट से निवेशकों को करीब 3,46,945 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार के 4,87,64,321 करोड़ रुपए से घटकर 4,84,17,376 करोड़ रुपए रह गया। सेंसेक्स दिनभर गिरावट में रहा और अंत में 813 अंक टूटकर बंद हुआ। निफ्टी भी 23,500 के नीचे फिसल गया। निफ्टी इस साल 26,400 के उच्च स्तर पर पहुंचा था। इंडेक्स अपने शिखर से 12% टूट चुका है।

## तीसरे दिन इंटर्न डॉक्टरों की राज्य सरकार ने मानी मांग, आंदोलन खत्म

# अब हर महीने 21500रु. मिलेगा स्टाइपेंड लाठीचार्ज में दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच


शुक्ल का माला पहनाकर किया स्वागत

- बुधवार को प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं रहने से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में तीन दिन से जारी इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन सरकार से सहमति के बाद खत्म हो गया। इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड 14 हजार 337 से बढ़ाकर 21 हजार 500 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल की बातचीत के बाद इस बढ़ोतरी पर सहमति बनी। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर इंटर्न डॉक्टरों ने सोमवार को हमीदिया अस्पताल के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था।

**उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से चर्चा के बाद इंटर्न डॉक्टरों की स्टाइपेंड बढ़ाने पर बनी सहमति**


उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल फैसले की जानकारी देते हुए

**डॉक्टरों के आंदोलन के कारण पुराना शहर पूरी तरह जाम की गिरफ्त में रहा**

### प्रदेश भर की ओपीडी बंद होने से बढ़ा दबाव

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों, जूडा और एमटीए के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से चर्चा की। बातचीत के दौरान उप मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री के दुबई दौरे से लौटने के बाद स्टाइपेंड बढ़ाने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

**48 घंटे बाद भोपाल को मिली राहत**

हमीदिया अस्पताल से शुरू हुआ इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन तीन दिन में कमला पार्क तक पहुंच गया। डॉक्टरों के आंदोलन के कारण पुराना शहर पूरी तरह जाम की गिरफ्त में रहा।

**50 प्रतिशत स्टाइपेंड बढ़ाया**

इंटर्न्स, जूडा और एमटीए प्रतिनिधिमंडल के साथ डॉक्टरों की मांगों पर चर्चा की गई। इंटर्न डॉक्टर्स की स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर सहमति बन गई है। अब इंटर्न डाक्टरों को 21 हजार 500 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल के मामले में दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है। मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। घायल छात्रों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इंटर्न डॉक्टर्स हमारे फैसले से खुश हैं। सरकार ने 50 प्रतिशत स्टाइपेंड बढ़ाया है।

**डॉ राजेंद्र शुक्ल**
उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री, मप्र

## मिसरोद की एक कॉलोनी में थार का उत्पात

# कॉलोनी में गाड़ियों को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे लोग



**दर्जन भर खड़ी थी गाड़ियां गार्ड ने गेट बंद कर रोकने की कोशिश की तो थार सवार गेट तोड़कर भागा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद स्थित सौम्या हेरिटेज कॉलोनी में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार थार ने जमकर उत्पात मचाया। थार चालक ने कॉलोनी में खड़ी करीब दर्जनभर गाड़ियों को टक्कर मार दी। गाड़ियों को क्षतिग्रस्त करने के बाद वह कॉलोनी का गेट तोड़कर मुख्य सड़क की ओर भाग निकला। घटना के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, रात करीब साढ़े नौ बजे थार चालक रिवर्स कर रहा था। इसी दौरान उसने बी-25 निवासी कमल सिंह सोलंकी की सेलेरियो और अशोक कुमार दुबे की मारुति स्विफ्ट को टक्कर मार दी। टक्कर की तेज आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे।

## नोएडा के मजिस्ट्रेट पर भड़के सीजेआई, कहा

# कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की?



**आदेश के बावजूद कार्रवाई पर जताई नाराजगी, मामले में जिला मजिस्ट्रेट से जवाब मांगेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने जंतर मंतर में छात्र प्रदर्शन से जुड़े मामले में नोएडा के कार्यकारी मजिस्ट्रेट को कड़ी फटकार लगाई। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने छात्र विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी एफआईआर रद्द कर दी हैं और भविष्य में छात्रों के खिलाफ जबरन कार्रवाई पर रोक लगाई है, तो कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की।


सूर्यकांत

## बैगा बच्चों की मौत पर हाईकोर्ट सख्त

### पूछा क्या- 27 मौतों के बाद जागा प्रशासन? सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर


ग्राउंड रिपोर्ट में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का दावा

बालाघाट के प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी से बैगा बच्चों की मौत के मामले में बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के निर्देश पर याचिकाकर्ता अंशुल तिवारी और उनके अधिवक्ताओं ने प्रभावित गांवों का ग्राउंड सर्वे किया था। इसकी रिपोर्ट और वीडियो साक्ष्य अदालत में पेश किए गए।

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में फर्जीवाड़ा

### 13.35 लाख रु. का घोटाला 3 आरोपियों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन


फर्जी पंजीयन कर मूंग समर्थन मूल्य पर बेची

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बरेली तहसील निवासी रंजीत ठाकुर, श्रीराम ठाकुर, गौरव ठाकुर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## मीटर लगाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत

### लोकायुक्त ने 15 हजार रुपए लेते जेई को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


पुराने बिजली चोरी के प्रकरण और नया मिटर का मामला

राजधानी में नया बिजली मीटर लगाने और पुराने बिजली चोरी के मामले में सेटलमेंट कराने के नाम पर रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। लोकायुक्त की टीम ने बुधवार दोपहर बिजली कंपनी के जेई अर्पित उपाध्याय को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## मोदी कैबिनेट ने दी मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात

### अनूपपुर, शहडोल, उमरिया कटनी के साथ गौरेला-पेंड्रा मरवाही को होगा फायदा

# कटनी से बिलासपुर तक अब 4 लेन होगा रेलवे ट्रैक कनेक्टिविटी बढ़ेगी और माल ढुलाई हो जाएगी सस्ती

- 6528 करोड़ की लागत से 367 किमी लंबे रूट पर दौड़ सकेंगी ज्यादा गाड़ियां
- नई रेल लाइनों के बिछने से देश के 4,790 गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय कैबिनेट ने देशभर के सबसे व्यस्त 7 रेल नेटवर्क को चार लेन में बदलने की मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि रेलवे जब चार लेन में बदल जाएगी, तो इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और माल ढुलाई में बड़ी मदद मिलेगी। इसके अलावा रोड की तुलना में रेलवे से माल ढोना सस्ता भी पड़ेगा। अब इन 7 नेटवर्क के पूरी तरह से विकसित होने के बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को भी बड़ा फायदा होने की उम्मीद है।


फाइल फोटो

### मप्र को सौगात देने के लिए सीएम ने पीएम मोदी का माना आभार

**भोपाल।** पीएम मोदी कैबिनेट द्वारा मध्यप्रदेश को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। सीएम ने एक्स पर कहा कि करीब 10,783 करोड़ रुपए की इन परियोजनाओं से लगभग 656 किमी रेल नेटवर्क का विस्तार होगा। इससे लगभग 4,790 गांवों और 56 लाख से अधिक आबादी को बेहतर रेल कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिलेगा।




## पीएम मोदी समेत कई दिग्गजों ने खुद नहीं बनाई तस्वीर और न ही शेयर की

# दिग्गजों में खुद को 1980 के दशक का दिखाने की लगी होड़
# पीएम मोदी, राहुल, पीयूष और शिवराज की तस्वीरें हो रहीं वायरल

### ओपन एआई अस्त्र ने कर दिया टाइम ट्रैवल, सोशल मीडिया यूजर्स ट्रेंड को कर रहे पसंद

वीरेंद्र विश्वकर्मा ▶▶ भोपाल

अलग खबर


राहुल गांधी | पीयूष गोयल | शिवराज सिंह | नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तक कई नेताओं की 1980 स्टाइल वाली एआई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान समेत कई नाम इस रेट्रो ट्रेंड का हिस्सा बने हैं, जहां एआई ने आज की तस्वीरों को 1980 के दशक के पुराने फैशन और विंटेज अंदाज में बदल दिया है। सोशल मीडिया पर इन दिनों '80s AI Photo Trend' तेजी से वायरल हो रहा है। इस ट्रेंड में लोग अपनी मौजूदा तस्वीरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से 1980 के दशक के रेट्रो और विंटेज लुक में बदल रहे हैं। तस्वीरों में पुराने जमाने के कपड़े, हेयरस्टाइल, कैमरा इफेक्ट और उस दौर जैसा बैकग्राउंड नजर आता है। इंस्टाग्राम पर यह ट्रेंड खूब शेयर किया जा रहा है। इस ट्रेंड की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए किसी पुराने फोटो स्टूडियो या महंगे कैमरे की जरूरत नहीं है। लोग एआई टूल्स की मदद से अपनी सामान्य फोटो को 80 के जमाने की तस्वीर में बदल रहे हैं। फोटो में पुराने कैमरे जैसी क्वालिटी, हल्का ग्रेन, रेट्रो कलर टोन और उस दौर की फैशन स्टाइल जोड़ी जा रही है। यानी एक क्लिक में आज की तस्वीर सीधे 40 साल पीछे पहुंच जाती है। यही वजह है कि सोशल मीडिया यूजर्स इस ट्रेंड को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी 1980 के स्टाइल वाली एआई तस्वीरें सोशल मीडिया पर देखने को मिल रही हैं। हालांकि, इन तस्वीरों को उनके आधिकारिक अकाउंट से शेयर किए जाने और फैन पेज या डिजिटल क्रिएटर्स द्वारा बनाए जाने में अंतर समझना जरूरी है। एआई के जरिए किसी भी व्यक्ति की तस्वीर को पुराने दौर के कपड़े, हेयरस्टाइल और बैकग्राउंड के साथ तैयार किया जा सकता है। इसी वजह से नेताओं और सेलिब्रिटीज के पुराने जमाने वाले काल्पनिक लुक भी तेजी से वायरल हो रहे हैं। वायरल ट्रेंड में कई चर्चित नाम भी शामिल हो चुके हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी एआई की मदद से तैयार अपनी रेट्रो तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। उनकी तस्वीर में 80 के दशक का खास अंदाज देखने को मिला। तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी 80 के लुक वाली एआई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के मुताबिक उन्होंने खुद इस ट्रेंड के तहत कोई तस्वीर शेयर नहीं की है। डिजिटल क्रिएटर्स और फैन पेजों ने उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से रेट्रो अंदाज में तैयार किया है। इन तस्वीरों में उन्हें 80 के दशक के कॉलेज स्टूडेंट या पुराने स्कूल इयरबुक स्टाइल में दिखाया गया है। सोशल मीडिया यूजर्स इस लुक को काफी दिलचस्प बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेट्रो लुक भी चर्चा में आ गया।

### ये है वायरल होने की मूल वजह

दरअसल, 80 का दशक अपने अलग फैशन, हेयरस्टाइल, कैमरा क्वालिटी और रंगीन तस्वीरों के लिए जाना जाता है। एआई ने इसी पुराने अंदाज को आज की डिजिटल दुनिया में वापस ला दिया है। लोगों को अपनी तस्वीरों में वह पुराना दौर देखने को मिल रहा है।

### एआई पर चेहरा अपलोड प्राइवेसी को खतरा

एआई टूल्स और ऐप्स पर अपनी फोटो अपलोड करने से डेटा प्राइवेसी को लेकर जोखिम हो सकता है। फेशियल डेटा के लीक होने का खतरा बना रहता है। संबंधित कंपनी का सर्वर हैक होता है, तो चेहरे से जुड़ी संवेदनशील जानकारी गलत हाथों में पहुंच सकती है। विशेषज्ञों की सलाह है कि फोटो अपलोड करने से पहले ऐप की प्राइवेसी पॉलिसी और डेटा इस्तेमाल की शर्तें जरूर समझ लें। बता दें कि ओपन एआई ने अपने चैटजीपीटी का लेटेस्ट एआई मॉडल रिलीज किया है। नए एआई मॉडल का नाम जीपीटी-6 अस्त्र रखा है।

---

## खबर संक्षेप

### मेधा मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी यूपी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रही है। अपने आदेश में हाईकोर्ट ने गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम को कड़ी फटकार लगाई गई थी। यह मामला दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा आकृति चौधरी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिए जाने को लेकर है।

### सीएम विजय की अगुवाई में बना ' विक्ट्री फ्रंट'



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल से जुड़े गठबंधन ने बुधवार को अपनी राजनीतिक पहचान को नया नाम दे दिया।सीएम और टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय की अगुवाई में सहयोगी दलों की बैठक में गठबंधन का नाम रखा गया। बैठक के बाद मणिकम टैगोर ने बताया कि गठबंधन को 'सेक्युलर, सोशल जस्टिस, विक्ट्री फ्रंट' नाम दिया है।

### मनीष के घर में छापा 81 लाख कैश जब्त



**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के आरोपी मनीष अग्रवाल के मुड़पार सरसीवां स्थित मकान में पुलिस ने दबिश दी और तलाशी के दौरान पुलिस ने 81 लाख नकद बरामद किया है। ये रुपए घर में एक थैले में रखे थे। पुलिस को थैले में 500 रुपये के 16,200 नोटों की 162 गड्डियां मिलीं। यह पैसा फर्जी एनओसीके जरिए खैर की लकड़ी के अवैध परिवहन से जुटाई गई थी।

### ओखला में फटा ऑक्सीजन सिलेंडर, एक मौत



**ओखला।** नई दिल्ली में बुधवार को एक ऑक्सीजन सिलेंडर में हुए धमाके से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हैं। ओखला फेज-१ में समुदायिक भवन के पास सुबह करीब 11 बजे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल के तीन वाहनों और एक मल्टी-कैजुअल्टी फर्स्ट रिस्पॉन्डर गाड़ी को मौके पर भेजा गया है।

### बस ने दो बाइकों में मारी टक्कर, 5 की मौत



**मुजफ्फरनगर।** जनपद में बुढ़ाना थाना क्षेत्र के भैसाना गांव के पास बड़ौत मार्ग पर रोडवेज बस ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बागपत के पिता-पुत्री, कांधला के दो युवक और बुढ़ाना क्षेत्र का एक युवक शामिल है। हादसा बड़ौत मार्ग पर भैसाना गांव के पास हुआ। बस ने सामने से टक्कर मारी।

---

## रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**विकास कार्यों और योजनाओं की भी समीक्षा की**

# राहुल ने दिखाई डीएम को गड्ढों की फोटो सड़कों की खस्ता हालत पर मांगा जवाब

राहुल ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना फंड से पूरे हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरे को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और इंडिया गठबंधन की मजबूती से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं भाजपा ने उनके इस दौरे पर राजनीतिक तंज भी कसा।

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा ) की बैठक में जिले की सड़कों की खस्ता हालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने बैठक के दौरान जिला प्रशासन को गड्ढों वाली सड़कों की तस्वीरें दिखाईं और जिलाधिकारी से सड़कों की स्थिति को लेकर जवाब मांगा।

राहुल ने जिलाधिकारी से पूछा कि जिले में सड़कों की हालत खराब क्यों है और इनके रखरखाव को लेकर क्या कार्रवाई की जा रही है? इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश की वजह से कुछ सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से कई सड़कों की मरम्मत करा दी गई है, जबकि बाकी सड़कों की निगरानी और मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग देख रहा है। मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने रायबरेली में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। कामों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

*बैठक के दौरान विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों से जानकारी भी ली*

*कामों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया*




### बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से भी मिले

इससे पहले राहुल गांधी का काफिला कोटवा मदानिया के पास कुछ देर रुका था, जहां बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। इसके बाद उनका काफिला महाराजगंज होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा था।

### राहुल ने अन्य लोगों की भी समस्याएं सुनी

राहुल 2 दिवसीय दौरे पर मंगलवार को संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे थे। दौरे के दौरान उन्होंने व्यापारियों, वकीलों, फार्मासिस्टों और अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडलों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और समाधान के प्रयास किए जाएंगे। राहुल ने प्रभु टाउन में व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान सराफा कारोबारियों ने सोने-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी और आभूषणों पर लगने वाले जीएसटी समेत कारोबार से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं।

### भाजपा का साथ देने की सजा भुगत रहा व्यापारी

राहुल ने प्रधानमंत्री की हालिया आभूषण न खरीदने संबंधी अपील को गैरजरूरी बताते हुए कहा कि मंदी और महंगाई से जूझ रहे व्यापारियों के लिए ऐसे बयानों से चिंता और बढ़ती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भाजपा का समर्थन करने वाला व्यापारी वर्ग आज उसकी नीतियों से परेशान है और एक तरह से भाजपा का साथ देने की सजा भुगत रहा है।

## वे टीआरपी बढ़ाने आए, दिल्ली से आए 3 लोग दे रहे थे लिखकर पर्ची



### योगी के मंत्री ने किया पलटवार

**दिनेश प्रताप का हमला**

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस सांसद की 'दिशा' की बैठक पर कहा कि सब कोई जानता है कि राहुल गांधी रायबरेली के विकास के लिए नहीं आते हैं, अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए आते हैं। दिशा की बैठक में पूरे अनुसरण के दौरान हमने देखा कि राहुल को दिल्ली से आए हुए 3 लोग पर्ची लिखकर दे रहे थे। जितना उन्हें दिया जा रहा था, वे केवल उतना ही बोल पा रहे थे। अगर हमारी सरकार के अधिकारी और कर्मचारी को आपको बताना पड़ा कि किस योजना में क्या होता है तो आप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने (राहुल गांधी) एक अधिकारी से पूछा कि बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ कार्यक्रम में होता क्या है? प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा अथवा भारत सरकार के द्वारा, राहुल को रायबरेली के विकास को गति देने की जिम्मेदारी दी गई है। जब उन्हें योजना के बारे में पता ही नहीं है तो वे उसका अनुसरण क्या करेंगे?

---

## पंजाब में 'नशा' पर पक्ष- विपक्ष में 'जंग'

# राहुल लाशों पर गंदी राजनीति कर रहे, गांव को तो देखेंः केजरीवाल



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब में नशे के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। आपके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पंजाब में नशे के चलते गुलज़ार सिंह की मौत के मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर राहुल के दावों को सरासर झूठ बताया और उन्हें संबंधित गांव का दौरा करने की चुनौती दी। ाहुल ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार की किसी भी तरह की आलोचना करने पर लोगों को 'धमकियों और प्रताड़ना' का सामना करना पड़ता है। राहुल ने पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने उनके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की।

### कांग्रेस और भाजपा ने यहां नशा फैलाया

केजरीवाल ने लिखा, राहुल जी, पंजाब सरकार नशे के विरुध्द निर्णायक युद्ध लड़ रही है। पंजाब में नशा कौन लाया? आपकी कांग्रेस सरकार लाई। अकाली दल और भाजपा की सरकार लाई। पहली बार पूरे देश में कोई राज्य नशे के ख़िलाफ़ इस तरह से युद्ध छेड़ रहा है। आज पंजाब सरकार कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा के फैलाए नशे को साफ़ करने की कोशिश कर रही है। इस व्यक्ति की मौत पर राजनीति करने के लिए कल आपके विधायक भी जब उस गांव में गए तो गांव वालों ने उन्हें निकाल दिया। ये विडियो देखिए। वो इसलिए क्योंकि जो आपने लिखा है वो सरासर झूठ है। आप भी एक चक्कर इस गांव का लगाकर आ जाइए।

### केजरीवाल पर खेड़ा का पलटवार

### पंजाब ड्रग्स तस्करी में सबसे आगे



अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पलटवार किया है। खेड़ा ने केजरीवाल से कहा है कि आप सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए एक ही बार में दोष मढ़ना आसान हैं। असलियत कुछ और ही है। पंजाब न सिर्फ ड्रग्स के इस्तेमाल की समस्या से जूझ रहा है, बल्कि आप सरकार के दौर में ड्रग्स की तस्करी के मामलों में भी देश में सबसे आगे रहा है। पंजाब में ड्रग्स तस्करी के मामलों की दर देश में सबसे ज्यादा हैं।

---

## जम्मू कश्मीर राष्ट्रगीत पर विवाद

# कांग्रेस को इससे लगी मिर्ची तो एनसी ने कहा- शर्तें मत थोपो

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पूरा संस्करण बजाने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं ने देश के धर्मनिरपेक्ष और समावेशी चरित्र को ध्यान में रखते हुए इसके एक विशेष संस्करण को अपनाया था। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, आचार्य नरेंद्र देव, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू और जे.बी. कृपलानी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का निर्णय अहम है। पार्टी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह का भी उल्लेख किया। सहयोगी दलों को उसी संस्करण को गाना चाहिए, जिसे उस समय अपनाया गया था। इसके जवाब में तनवीर सादिक ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और तेलंगाना के रेवंत रेड्डी के वे वीडियो पोस्ट किए हैं। दोनों पूरे वर्जन के दौरान खड़े दिखे।

## उपराष्ट्रपति का अरुणाचल प्रदेश दौरा

# अरुणाचल देश का अभिन्न अंग पूर्वोत्तर विकास का प्रमुख इंजन

एजेंसी ▶▶ ईटानगर



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत की एकता का अभिन्न हिस्सा है और प्रधानमंत्री की 'एक्ट ईस्ट नीति से मिली गति के कारण पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के विकास का प्रमुख इंजन बनकर उभर रहा है। विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य भारत की सीमाओं का एक गौरवशाली प्रहरी है और इसका विकास देश की प्रगति से गहराई से जुड़ा हुआ है। अरुणाचल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है और इसमें 'असीम संभावनाएं' हैं। केंद्र सरकारों ने समय-समय पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को लगातार अधिक प्राथमिकता दी है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का गठन किया था। प्रधानमंत्री की नीति और पूर्वोत्तर के 8राज्यों को 'अष्ट लक्ष्मी' बताना इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है।

## दिल्ली के सत्य निकेतन हादसे में कार्रवाई

# हॉस्टल ऑपरेटर और ठेकेदार को किया गिरफ्तार, शुभम अभी फरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान महेश ने बिल्डिंग को अगस्त 2025 से दो बिजनेस पार्टनर शुभम त्यागी और सुधांशु को लीज पर दिया था। सुधांशु को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर कर लिया है। शुभम त्यागी फरार है। शुभम और सुधांशु लीज पर लेकर 'होस्टल डेज' नाम से पीजीके तौर पर चला रहे थे। संचालक सुधांशु और शुभम हर महीने महेश को 1,05,000 रुपए देते थे।

- दिल्ली की पुलिस इस मामले पर गंभीर

### एसीपी-एसएचओ करेंगे छात्रों से संवाद



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने लाखों छात्रों की सुरक्षा को लेकर सभी एसीपी और एसएचओ को आदेश दिया वे तुरंत छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करें और 20 सितंबर तक हर हाल में रिपोर्ट दें।

### सभी कॉलेजों में हॉस्टल पर हाईकोर्ट का नोटिस

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी कालेजों में हॉस्टल सुविधाओं के प्रावधान की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है। जिससे हॉस्टल और सुरक्षा का व्यापक मुद्दा न्यायिक जांच के दायरे में आ गया है। संस्थागत आवास की कमी और निजी तौर पर संचालित पीजी आवासों से जुड़े जोखिमों को लेकर याचिका दायर की गई है और जवाब मांगा है।

---

## तमिलनाडु, आंध्र , कर्नाटक और तेलंगाना में 5 रेल परियोजनाएं मंजूर

# आवाजाही होगी आसान, रोजगार-स्वरोजगार बढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को रेल मंत्रालय की लगभग 10,021 करोड़ रकी लागत वाली 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बेहतर होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यू इंडिया' के विजन के अनुरूप हैं, जिसके तहत क्षेत्र के व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

### दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बेहतर होगी



### रेलवे नेटवर्क में 540 किलोमीटर की वृद्धि होगी

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के 17 जिलों को कवर करने वाली ये पांच परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 540 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,121 गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### माल ढुलाई यातायात में 47 एमटीपीए बढ़ेगा

स्वीकृत क्षमता वृद्धि से देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इनमें तिरुपति, सुब्रमण्य स्वामी मंदिर , श्री पद्मावती अम्मावारी मंदिर , कोटिलिंगेश्वर देवालय, श्री सीथी ब्यारेस्वरा स्वामी मंदिर, बंगारू तिरुपति, स्वर्णगिरि मंदिर आदि शामिल हैं। इन कार्यों से अतिरिक्त माल ढुलाई यातायात में 47 एमटीपीए की वृद्धि होगी।

### इन पर होगा काम

- अरक्कोनम – रेनीगुंटा तीसरी और चौथी लाइन – 77 किमी
- व्हाइटफील्ड – बेंगलुरु तीसरी और चौथी लाइन – 47 किलोमीटर
- होसुर – ओमलूर दोहरीकरण – 147 किलोमीटर
- सलेम – करूर – डिंडीगुल दोहरीकरण – 159 किलोमीटर
- सिकंदराबाद (घाटकेसर) – काजीपेट मल्टी–ट्रैकिंग – 110 किलोमीटर

## कर्नाटक में कांग्रेस मंत्री पर कार्रवाई

# सतीश जारकीहोली से जुड़े 18 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के पीडब्ल्यूडी मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश जारकीहोली से जुड़े ठिकानों पर ईडी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीमें कर्नाटक के बेंगलुरु और बेलगावी के अलावा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में करीब 18 परिसरों की तलाशी ली। इनमें बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी स्थित सतीश जारकीहोली का आवास भी शामिल है। अधिकारियों की टीम सीआरपीएफ के साथ दो वाहनों में मंत्री के सरकारी आवास पहुंची। इसके बाद परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि तलाशी के दौरान क्या-क्या बरामद हुआ है। जांच का दायरा सतीश जारकीहोली तक सीमित नहीं है। उनकी बेटी और कांग्रेस सांसद प्रियंका जारकीहोली से जुड़े परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है। एजेंसी बेंगलुरु, बेलगावी और महाराष्ट्र में करीब 18 ठिकानों पर दस्तावेजों और अन्य सामग्री की जांच कर रही है।

# 12-13 सितंबर को भारत मंडपम में होगा ब्रिक्स आयोजन, सुरक्षा चाक चौबंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 12 और 13 सितंबर को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में करेगा। भारत की अध्यक्षता में हो रही बैठक का आधिकारिक थीम 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रखा गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इन दो दिनों में होने वाली बैठकों और आयोजनों का शेड्यूल साझा किया है।

दो दिवसीय सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के नेताओं के साथ-साथ साझेदार देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता भी हिस्सा लेंगे। भारत की अध्यक्षता के दौरान 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। शनिवार को ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता भारत मंडपम में पहुंचेंगे।

*13 सितंबर को सुबह 10:50 बजे सम्मेलन का महत्वपूर्ण ओपन सेशन शुरू होगा। इस सत्र में ब्रिक्स देशों के साथ साझेदार और आमंत्रित देशों के नेता वैश्विक विकास, आर्थिक सहयोग और भविष्य की चुनौतियों पर विचार साझा करेंगे*

### भारत में 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें हो चुकीं

ब्रिक्स सम्मेलन-2026



भारत मंडपम का मुख्य द्वार

### पीएम मोदी नेताओं के सम्मान में देंगे डिनर

इसके बाद दोपहर लगभग 2:35 बजे 'इंक्लूसिव ग्लोबल गवर्नेंस एंड स्ट्रेंथनिंग मल्टीलेटरलिज्म' (समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करना) विषय पर बंद सत्र आयोजित किया जाएगा। शाम 4:25 बजे ब्रिक्स नेताओं को 'भारत इनोवेट्स एग्जीबिशन' का अवलोकन कराया जाएगा। इसके बाद शाम 5:05 बजे नेताओं का फैमिली फोटो और 5:10 बजे संयुक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा।

### रविवार सुबह होगा महत्वपूर्ण ओपन सेशन

रविवार यानी 13 सितंबर को सुबह 9:55 बजे साझेदार देशों और 'आउटरीच प्रोग्राम' के तहत अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों/ सरकार प्रमुखों का भारत मंडपम में आगमन होगा। इसी दिन सुबह 10:35 बजे फैमिली फोटो का कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुबह 10:50 बजे सम्मेलन का महत्वपूर्ण ओपन सेशन शुरू होगा। इसका विषय 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी: शेपिंग द फ्यूचर फॉर इंक्लूसिव ग्लोबल ग्रोथ' होगा।

### चौथी बार अध्यक्षता कर रहा भारत

*2026 का ब्रिक्स सम्मेलन भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस वर्ष समूह अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत चौथी बार इसकी अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन में वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, व्यापार, वित्त, तकनीक, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर जोर रहने की उम्मीद है।*

### वीवीआईपी रूटों पर 24 घंटे निगरानी

राष्ट्रीय राजधानी में 11 से 13 सितंबर तक भारत मंडपम में होने वाले ब्रिक्स समिट की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहद कड़ा किया गया है। कई जगहों पर ब्रिक्स के बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, जबकि कनॉट प्लेस और खान मार्केट जैसे प्रमुख बाजारों में रात के समय रोशनी भी बढ़ा दी गई है।

### 35 से ज्यादा सड़कों पर डायवर्जन

वीवीआईपी काफिलों की सुचारू आवाजाही के लिए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक योजना बनाई है। 35 से ज्यादा मुख्य सड़कों की पहचान की गई है, जिनमें सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, तीन मूर्ति मार्ग, अकबर रोड, मथुरा रोड, जनपथ, अशोक रोड समेत कई प्रमुख मार्ग शामिल हैं। करीब 22 मुख्य डायवर्जन पॉइंट तय किए गए हैं। ट्रैफिक संभालने के लिए लगभग 4,800 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। भारत मंडपम और मथुरा रोड की ओर जाने वाले वाहनों को लोधी रोड और लोधी फ्लाईओवर से डायवर्ट किया जा सकता है। धौला कुआं और सरदार पटेल मार्ग के आसपास वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल होगा।

### 11 सितंबर को स्कूल-दफ्तर बंद

*डीसीपी शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार अपनी आवाजाही की योजना बनाएं और पुलिसकर्मियों का सहयोग करें। 11 सितंबर को दिल्ली में स्कूल और सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। प्राइवेट दफ्तरों को वर्क-फ्रॉम-होम पर विचार करने की सलाह दी गई है।*

### 7,000 जवानों की मल्टी लेयर सुरक्षा

*कुल सुरक्षा व्यवस्था के तहत दिल्ली पुलिस, अर्धसैनिक बलों, एनएसजी और अन्य एजेंसियों के करीब 7,000 जवान तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा घेरे में कई स्तर होंगे, जिसमें दिल्ली पुलिस, अर्धसैनिक बल, एनएसजी, इंटेलिजेंस ब्यूरो और एसपीजी शामिल हैं। भारत मंडपम के आसपास एयरपोर्ट, होटल और समिट स्थल को जोड़ने वाले मुख्य रास्तों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में दो सैनिकों की फील्ड में मौत

**चटगांव।** बांग्लादेश के चटगांव में बुधवार को सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया।



हाटहजारी फील्ड फायरिंग रेंज में टैंक से फायरिंग के दौरान दो सैनिकों की मौत हो गई। वहीं, एक सैन्य अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अधिकारी को बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से ढाका के कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया जा रहा है। सेना के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब फायरिंग रेंज में टैंक से गोलियां चलाई जा रही थीं। हादसे के बाद घायल अधिकारी को तुरंत अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई।

### अमेरिका का कनाडा के डेयरी उत्पाद पर बैन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से आने वाले डेयरी उत्पाद, शराब और



मोटरसाइकिलों पर रोक लगाने का फैसला किया है। यह बैन 29 सितंबर से लागू होगा। ट्रंप ने यह फैसला कनाडा की ओर से अमेरिकी सामान पर 50% तक जवाबी टैरिफ लगाने के बाद लिया है। ट्रंप के आदेश के तहत कनाडा से आने वाली शराब, वाइन और अल्कोहल-फ्री बीयर पर रोक लगेगी। इसके अलावा दूध से बने कुछ उत्पाद भी अमेरिका में नहीं आ सकेंगे।

### 740 किलो ड्रग्स जब्त 13 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पिछले पखवाड़े के दौरान देशभर में चलाए



गए आठ बड़े अभियानों में करीब 740 किलो गांजा और चरस जब्त की है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इन कार्रवाइयों के दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त मादक पदार्थों में 709.6 किलो गांजा, 24.5 किलो उच्च गुणवत्ता वाली हाइड्रोपोनिक कैनबिस और 5 किलो चरस शामिल है। खुफिया सूचना के आधार पर छग, बिहार और यूपी से चरस पकड़ी।

## यूएस ने ईरान के 5 तेल टैंकर मार गिराए

# तेहरान ने 2 अमेरिकी पोत और 8 तेल टैंकरों पर किया हमला


अमेरिका का ईरान के तेल टैंकर पर हमला

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी नौसेना ने फारस की खाड़ी में दो अमेरिकी पोतों और आठ तेल टैंकरों पर हमला किया है। ईरान ने इसे अमेरिकी हमले के जवाब में की गई कार्रवाई बताया है।

आईआरजीसी के आधिकारिक बयान के अनुसार, उसकी नौसेना ने मंगलवार रात फारस की खाड़ी में पांच ईरानी तेल टैंकरों पर अमेरिकी हमले के जवाब में इन पोतों को निशाना बनाया और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। उसकी नौसेना ने ऐसे 10 जहाजों को भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी सेना के समर्थन और उकसावे के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में एक प्रतिबंधित और असुरक्षित क्षेत्र को पार करने की कोशिश कर रहे थे।

### ईरान के विमानन क्षेत्र पर नए प्रतिबंध

मंगलवार को अमेरिकी सेना ने ईरान के पांच तेल टैंकरों को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने पिछले दो दिनों में अमेरिकी नौसैनिक जहाज को दो बार बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाने की कोशिश की थी। अमेरिकी युद्धपोत दोनों हमलों से बच गया और गश्त जारी रखी। इन हमलों में कोई अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ। इसके जवाब में अमेरिका ने पांच टैंकरों को निशाना बनाया। किविक, चार्मिनार, होराइजन-1 और रिस्को टैंकर गल्फ ऑफ ओमान में थे। पांचवां जहाज डेर्या स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में खर्ग द्वीप के पास था। अमेरिका ने इन्हीं जहाजों को निशाना बनाया है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को ईरान के विमानन क्षेत्र पर भी नए प्रतिबंध लगाए। इसमें दो दर्जन से ज्यादा वाणिज्यिक और निजी एयरलाइंस तथा विदेशी कार्गो सेवा देने वाली कंपनियां शामिल हैं।

### ईरान ने जॉर्डन में दागी मिसाइलें

मंगलवार को अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार करते हुए जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों की ओर मिसाइलें दागीं। जॉर्डन की सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 18 बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया। दो अन्य मिसाइलें ऐसे इलाकों में गिरीं, जहां कोई आबादी नहीं थी। जॉर्डन ने किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है। वहीं, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कुवैत और बहरीन के पास मौजूद तेल टैंकरों को तुरंत हटने को कहा है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात की

# तोपों और शैक्षणिक सहयोग पर हुआ एमओयू क्षेत्रीय शांति-सुरक्षा के लिए साथ काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण संबंधों और आपसी विश्वास पर आधारित बहुआयामी साझेदारी के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

दोनों पक्षों ने घनिष्ठ पड़ोसी और समुद्री साझेदार होने के नाते, भारत और श्रीलंका अपने विकास और जन कल्याण के लिए मिलकर निरंतर काम करने के साथ-साथ क्षेत्र की सुरक्षा, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए भी संयुक्त रूप से कार्य करने के प्रति अपनी इच्छा दोहराई। रक्षा मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं देते हुए इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के नागरिक मजबूत ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ जन-जन के आदान-प्रदान पर आधारित गहरी मित्रता साझा करते हैं। दोनों नेताओं ने भारतीय रक्षा बलों द्वारा निर्मित तीन बेली पुलों का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया।

भारतीय रक्षा बलों द्वारा निर्मित तीन बेली पुलों का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया


राजनाथ सिंह और राष्ट्रपति दिसानायके बेली पुलों का उद्घाटन करते हुए

### श्रीलंका पीएम से की मुलाकात



राजनाथ सिंह ने कोलंबो में श्रीलंका की पीएम सुश्री हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विकास सहयोग, शिक्षा और भारत तथा श्रीलंका के बीच गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### भारतीय शांति सेना स्मारक पर दी श्रद्धांजलि



कोलंबो में कार्यक्रम से पहले राजनाथ सिंह ने भारतीय शांति सेना स्मारक का दौरा किया और अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।

### मछुआरों के विवाद का समाधान जरूरी

रक्षा मंत्री ने भारत और श्रीलंका के मछुआरों से जुड़े विवाद का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों से वह अवगत हैं और इनका समाधान पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से किया जाना चाहिए।

### हिंद महासागर सिर्फ जलमार्ग नहीं

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हिंद महासागर केवल एक जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वह मंच है जहां क्षेत्र का आर्थिक और रणनीतिक भविष्य तय होगा। हिंद महासागर से जुड़े भारत और श्रीलंका जैसे समुद्री देशों के लिए यह कोई सैद्धांतिक विषय नहीं, बल्कि रोजमर्रा की वास्तविकता है।

### श्रीलंका अपनी जमीन पर भारत विरोधी गतिविधि नहीं होने देगा

*रक्षा मंत्री का हार्दिक स्वागत करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकातों को याद करते हुए दोहराया कि श्रीलंका कभी भी अपनी धरती को भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल किसी भी गतिविधि के लिए इस्तेमाल नहीं होने देगा। उन्होंने चक्रवात दितवाह के दौरान सागर बंधु अभियान के तहत भारत द्वारा प्रदान की गई राहत सहायता और द्वीप के विभिन्न हिस्सों में पुनर्निर्माण और पुनर्वास कार्यों के लिए भारत द्वारा दिए गए व्यापक पुनर्वास पैकेज को लेकर आभार व्यक्त किया।*

### बंदरगाह बन सकते हैं आर्थिक विकास के इंजन

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग को दोनों देशों की आर्थिक प्रगति और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए कहा है कि हिंद महासागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देश सबसे करीबी साझेदार के रूप में काम करने की बेहतर स्थिति में हैं।*

## भारत-मोरक्को रक्षा संबंध होंगे और मजबूत

# संयुक्त रक्षा समिति की पहली बैठक में दोनों देश सहमत दिखे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मोरक्को के बीच रक्षा सहयोग को नई गति देने की दिशा में नई दिल्ली में संयुक्त रक्षा समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। दोनों देशों ने प्रशिक्षण एवं सैन्य शिक्षा, शांति स्थापना अभियानों, सैन्य अभ्यासों, चिकित्सा सहयोग, साइबर सुरक्षा और रक्षा उद्योग समेत आपसी हित से जुड़े कई क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने पर सहमति जताई। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब 2027 में भारत और मोरक्को के बीच द्विपक्षीय सहयोग की 70वीं


अब्देल्लाह अथमानी और अमिताभ प्रसाद

वर्षगांठ मनाई जाएगी। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और मोरक्को की रॉयल आर्म्ड फोर्सेज के द्वितीय ब्यूरो के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अब्देल्लाह अथमानी ने की।

### रक्षा उद्योग में साझेदारी पर चर्चा

*भारत और मोरक्को ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार किया। दोनों पक्षों ने सह-उत्पादन, संयुक्त उद्यम, प्रौद्योगिकी सहयोग, रखरखाव और दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने पर सहमति जताई। इससे दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक संबंधों को आगे बढ़ाने का रास्ता खुल सकता है। संयुक्त रक्षा समिति की बैठक के जरिए दोनों देशों ने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा के साथ भविष्य के सहयोग की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की।*

## फिनटेक निर्यात में 10% हिस्सेदारी का लक्ष्य

# डीपीआईपी के लिए 23 देशों संग भारत ने किया एमओयू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में कहा कि भारत को अपनी फिनटेक क्षमताओं, विशेष रूप से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के अनुभव का उपयोग करते हुए वैश्विक बाजारों में विस्तार करना चाहिए। भारत के पास विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों में अपनी डिजिटल भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी सेवाओं का विस्तार करने का बड़ा अवसर है।वैश्विक स्तर पर फिनटेक सेवाओं का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और यदि भारत इस व्यापार में केवल 10 प्रतिशत हिस्सेदारी भी हासिल कर लेता है, तो देश का फिनटेक सेवा निर्यात मौजूदा 8 अरब डॉलर से बढ़कर 60 से 80 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।


राजेश अग्रवाल

## ओपनएआई का बड़ा दावा

# 181 साल पुरानी गणित पहेली सुलझाई, 88 घंटे में जवाब ढूंढा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ओपनएआई ने दावा किया है कि उसकी नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक ने गणित की दुनिया की सबसे मुश्किल समस्याओं में से एक नेवियर-स्टोक्स प्रॉब्लम को हल कर लिया है। इसे सुलझाने में सिर्फ 88 घंटे लगे। गणित की चर्चित क्ले मैथमेटिक्स इंस्टीट्यूट ने साल 2000 में गणित के 7 बेहद मुश्किल और अनसुलझे सवाल चुने थे। इनमें से किसी एक को सही तरीके से हल करने वाले के लिए 10 लाख




डॉलर का इनाम रखा गया था। तरल पदार्थों के कुछ गणितीय समीकरण हैं, जिन्हें नेवियर-स्टोक्स इक्वेशन कहा जाता है। यह सवाल 1845 से अनसुलझा था। ओपनएआई ने अपने नए मॉडल को जीपीटी-6 अस्ट्रा से भी ज्यादा सक्षम इंटरनल मॉडल बनाया है।

## धरती पर 'सूरज' बनाने की दौड़ में भारत के नए दौर के वैज्ञानिक!

रोजाना करीब 10 से 12 बार प्लाज्मा बनाए जाएंगे

# एक स्टार्टअप ने टोकामक प्रज्ञा में पहली बार बनाया 'प्लाज्मा'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत में न्यूक्लियर फ्यूजन रिसर्च को लेकर निजी क्षेत्र ने एक बड़ा कदम उठाया है। बेंगलुरु की स्टार्टअप प्रनोस फ्यूजन ने अपने टोकामक प्रज्ञा में पहली बार प्लाज्मा बनाया है। करीब 40 सेंटीमीटर रेडियस वाले इस टोकामक को कंपनी ने लगभग 8 महीने में तैयार किया है।

- हर साल करीब 3,000 प्लाज्मा शॉट लेने का लक्ष्य

इसका इस्तेमाल प्लाज्मा को कंट्रोल करने, उसकी जांच करने और फ्यूजन से जुड़ी दूसरी तकनीकों को टेस्ट करने के लिए किया जाएगा। टोकामक एक तरह की टेस्ट मशीन है, जिस पर कंपनी लगातार प्रयोग करेगी। कंपनी इसे करीब 20 साल तक चलाने की योजना बना रही है। इस दौरान हर साल करीब 3,000 प्लाज्मा शॉट लेने का लक्ष्य है।



टोकामक मशीन

### टोकामक मशीन में प्लाज्मा नियंत्रित किया

टोकामक एक ऐसी मशीन है जिसमें बहुत गर्म प्लाज्मा को चुंबकीय ताकत की मदद से नियंत्रित किया जाता है। फ्यूजन के लिए गैस को बहुत ज्यादा गर्म किया जाता है। इतनी गर्मी में गैस प्लाज्मा में बदल जाती है। फ्यूजन में छोटे परमाणुओं को आपस में जोड़कर ऊर्जा बनाने की कोशिश की जाती है। सूरज में भी इसी तरह की प्रक्रिया से ऊर्जा बनती है।

### फ्यूजन रिएक्टर के लिए डेटा एकत्रित कर रहे

कंपनी टोकामक के डिजाइन, प्लाज्मा कंट्रोल सिस्टम और प्लाज्मा की जांच करने वाली तकनीक पर भी काम करेगी। कंपनी हाई टेम्परेचर सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट पर भी काम करेगी। ये खास तरह के मैग्नेट होते हैं, जिनका इस्तेमाल फ्यूजन मशीनों में प्लाज्मा को कंट्रोल करने के लिए किया जा सकता है। लगातार प्रयोगों से कंपनी को बड़ी मात्रा में डेटा मिलेगा। यही डेटा आगे फ्यूजन रिएक्टर की तकनीक को बेहतर बनाने में काम आ सकता है।

### 2030 तक बड़ा रिएक्टर बनाने का लक्ष्य

प्रनोस फ्यूजन ने आगे के लिए भी लक्ष्य तय किया है। कंपनी की योजना 2027 तक एचटीएस मैग्नेट को चालू करने की है। इसके बाद वह 2030 तक प्रानियाक्यू नाम का नेट एनर्जी गेन रिएक्टर बनाने का लक्ष्य रखती है। नेट एनर्जी गेन का आसान मतलब है कि फ्यूजन से जितनी ऊर्जा मिले, वह उसे चलाने में लगाई गई ऊर्जा से ज्यादा हो। हालांकि, यह अभी कंपनी का लक्ष्य है।

## एनआईए की चार्जशीट में उमर नबी को लेकर बड़ा खुलासा

# आत्मघाती हमला था लाल किले के पास हुआ धमाका, आरोपी कार में ही था मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को हुए धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने बड़ा खुलासा किया है। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक लाल किले के पास हुआ यह धमाका आत्मघाती बम विस्फोट था। आरोपी उमर उन नबी धमाके के वक्त कार के अंदर ही मौजूद था।

उसी ने कार में लगाए गए आईईडी को एक खास कमांड मैकेनिज्म के जरिए सक्रिय किया था। हालांकि चार्जशीट में लगाए गए आरोपों पर अंतिम फैसला अदालत की सुनवाई और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा।


लाल किले के पास धमाका फाइल फोटो

### गजवा-ए-हिंद के नाम पर हिंसा का समर्थन

जांच एजेंसी के मुताबिक बरामद प्रचार सामग्री में हिंसा को धार्मिक रंग देने की कोशिश भी की गई थी। इसमें गजवा-ए-हिंद के नाम पर हिंसक गतिविधियों को सही ठहराने की बात सामने आई। जेहाद का जायज ठहराया गया था।

### 'लोन मुजाहिद पॉकेट बुक' से ले रहे थे जानकारी

एनआईए की चार्जशीट में लोन मुजाहिद पॉकेट बुक 'हत्यारा कैसे बनें' नाम के एक दस्तावेज का भी जिक्र किया गया है। आरोपी इस किताब या मैनुअल में दी गई जानकारी का कथित तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। यह दस्तावेज एक्यूएपी यानी अल-कायदा इन द अरबियन पेनिनसुला से जुड़ा बताया गया है और इसमें विस्फोटक, हथियार, गुप्त ऑपरेशन और आईईडी से जुड़ी जानकारी दी गई थी। इस दस्तावेज में टीएटीपी जैसे विस्फोटक का जिक्र है।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर दबाव डालेगा कच्चे तेल का बढ़ता मूल्य

मध्य-पूर्व में बढ़े तनाव के बीच कच्चे तेल का 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचना भारत के लिए किसी मामूली आर्थिक खबर की तरह नहीं देखा जा सकता। भारत की अर्थव्यवस्था भले ही आज पहले के मुकाबले अधिक मजबूत और सक्षम हो, लेकिन उसकी ऊर्जा जरूरतों की एक बड़ी निर्भरता अब भी आयातित तेल पर है। इसलिए दुनिया के किसी हिस्से में युद्ध या तनाव बढ़ता है और कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर के पार जाती है तो उसकी तपिश भारत के बाजार से लेकर आम आदमी की रसोई तक महसूस की जा सकती है। दिलचस्प यह है कि महंगे तेल की यह चुनौती ऐसे समय आई है जब भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया है। अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह आंकड़ा बताता है कि घरेलू मांग, विनिर्माण और सेवाओं के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का सबसे पहला और सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल केवल कार और मोटरसाइकिल चलाने के लिए जरूरी नहीं हैं। देश में माल ढुलाई से लेकर कृषि, निर्माण और उद्योग तक का बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर है। महंगाई का सबसे ज्यादा दबाव उस मध्यवर्ग पर पड़ता है जिसके पास इससे बचने के सीमित रास्ते हैं। दूसरी बड़ी चिंता रुपये पर दबाव है। भारत कच्चे तेल के लिए डॉलर में भुगतान करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का अर्थ है कि समान मात्रा में तेल खरीदने के लिए भारत को अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव आ सकता है। रुपया कमजोर हुआ तो तेल के साथ-साथ कई दूसरे आयात भी महंगे हो सकते हैं। इसका असर उद्योगों की लागत और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर दिखाई देगा। तीसरा असर देश के चालू खाते और व्यापार घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल का मतलब बड़ा आयात बिल है। भारत को जितना ज्यादा पैसा तेल के आयात पर खर्च करना पड़ेगा, उतना ही दबाव उसके बाहरी क्षेत्र पर बढ़ेगा। हालांकि भारत का मजबूत सेवा निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार इस झटके को सहने की क्षमता देते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि महंगे तेल का कोई असर नहीं होगा। सरकार के सामने सबसे कठिन सवाल घरेलू ईंधन कीमतों को लेकर होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने के बावजूद यदि पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा जाता है तो तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ेगा। यदि कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम उपभोक्ता पर बोझ बढ़ेगा। सरकार को इन दोनों के बीच ऐसा संतुलन बनाना होगा जिससे न तो कंपनियों की वित्तीय स्थिति बिगड़े और न ही महंगाई को अनावश्यक ईंधन मिले। दुनिया में जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ेगा, तेल की कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था की परीक्षा लेंगी। इसका स्थायी समाधान केवल कीमतों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि आयातित तेल पर निर्भरता घटाना है। ऊर्जा के स्रोत जितने विविध होंगे, भारतीय अर्थव्यवस्था उतनी ही सुरक्षित होगी। फिलहाल तस्वीर के दोनों पहलू सामने हैं। एक तरफ 7.8 प्रतिशत की तेज आर्थिक वृद्धि भारत की मजबूती की कहानी कह रही है, दूसरी तरफ 100 डॉलर का कच्चा तेल दुनिया की अस्थिरता की याद दिला रहा है। चुनौती यह है कि तेल की आग विकास की रफ्तार तक न पहुंचे। भारत ने आर्थिक मजबूती हासिल करने में लंबा सफर तय किया है। अब परीक्षा इस बात की है कि वह वैश्विक ऊर्जा झटकों से अपनी इस रफ्तार को कितनी कुशलता से बचा पाता है।

# मानवता व विरोध का वैचारिक ईकोसिस्टम



मुद्दा
प्रणय कुमार

पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और परमाणु अप्रसार जैसे मुद्दों पर पश्चिमी जगत लंबे समय से स्वयं को वैश्विक नैतिकता का पहरेदार बताता आया है। जब इन्हीं आदर्शों को वास्तविक आचरण की कसौटी पर परखा जाता है, तो कथित नैतिक श्रेष्ठता के पीछे छिपे उसके दोहरे मापदंड बार-बार उजागर होते हैं। विडंबना यह है कि यह विरोधाभास अब केवल उसकी विदेश नीति अथवा वैश्विक राजनीति तक सीमित नहीं रहा। पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में पिछले दिनों आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समुदायों के बीच संवाद, सह-अस्तित्व और सार्वभौमिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का संबोधन हुआ। आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज़ फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' द्वारा किया गया था और इसे विभिन्न हिंदू-अमेरिकी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। अमेरिका के लगभग 39 राज्यों, 853 शहरों तथा 31 देशों से आए लगभग 6,000 प्रतिनिधियों और 250 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों की सहभागिता ने इसकी व्यापकता को रेखांकित किया। इसके बावजूद न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कार्यक्रम के प्रति सार्वजनिक असहमति जताई और 61 संगठनों ने कार्यक्रम रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम अंततः संपन्न हुआ और अपने घोषित उद्देश्य में पूर्णतया सफल रहा, लेकिन इससे एक मूलभूत लोकतांत्रिक प्रश्न उठा, क्या किसी वक्ता को सुने बिना ही उसके विचारों और संगठन को 'बहिष्कारी' अथवा अस्वीकार्य घोषित कर देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहुलतावाद की उस उदार परंपरा के अनुरूप है, जिन्हें पश्चिम लंबे समय से वैश्विक मानक के रूप में प्रस्तुत व प्रचारित करता रहा है? विरोध की इस शृंखला में 'हिंदूज़ फॉर ह्यूमन राइट्स' (एचएफएचआर) भी प्रमुख रूप से सक्रिय था। घोर आश्चर्य है कि जिस संगठन के नाम के साथ 'हिंदूज' जुड़ा है, वह भारत, हिंदुत्व और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुद्दों पर आलोचनात्मक अभियानों का संचालन करता रहा है। इस संगठन के वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसके सलाहकार सदस्यों में तीस्ता सीतलवाड़, फादर आनंद मैथ्यू, सैयदा हमीद, स्वरा भास्कर, अपूर्वानंद, हर्ष मंदर आदि के नाम सम्मिलित हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि संघ-प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के विरुद्ध वह क्यों खड़ी थीं?



विरोध करने वाले 61 संगठनों की सूची में 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' (आईएएमसी), 'जस्टिस फॉर ऑल', 'इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क' सहित अनेक धार्मिक, नागरिक अधिकार और एक्टिविस्ट संगठन दिखाई देते हैं। आईएएमसी और इसके प्रमुख मुहम्मद जवाद भारत में हिंदुत्व, संघ और मोदी सरकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से विरोधी अभियान चलाते रहे हैं। गाजा और इजरायल के प्रश्न पर भी उनका रुख अत्यंत मुखर रहा है। 'जस्टिस फॉर ऑल' के अध्यक्ष अब्दुल मलिक मुजाहिद लंबे समय से अमेरिकी मुस्लिम एक्टिविज्म और अंतर्धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। इसी संदर्भ में न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की भूमिका भी प्रश्नों के घेरे में आती है। वे भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा इजरायल से जुड़े प्रश्नों पर भी मुखर राजनीतिक रुख अपनाते रहे हैं। इसलिए यह पूछना असंगत नहीं होगा कि उनकी निष्ठा लोकतांत्रिक परंपराओं व मान्यताओं में है या मज़हबी रिवाजों, तक़रीरों व यकीनों में? विरोध के इसी क्रम में 26 अगस्त को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) के अध्यक्ष आसिफ महमूद द्वारा डॉ. मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर लगाए गए गंभीर आरोप तथा संघ से जुड़े लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के समर्थन ने इस विमर्श के पीछे सक्रिय टूलकिट की सच्चाई सामने रखी। भारत पर आयोग के पूर्ववर्ती वक्तव्यों और सुनवाइयों में सीएए, एनआरसी, जम्मू-कश्मीर, उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे विषयों को धार्मिक स्वतंत्रता के विमर्श से जोड़ा जाता रहा है। इस पूरी श्रृंखला को केवल अलग-अलग संगठनों की स्वतंत्र प्रतिक्रियाओं के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। न्यूयॉर्क की स्थानीय राजनीति, एक्टिविस्ट संगठनों, भारत-केंद्रित मुस्लिम एवं मानवाधिकार समूहों और धार्मिक-स्वतंत्रता संस्थाओं की भूमिकाओं को एक साथ रखने पर एक ऐसा वैचारिक ईकोसिस्टम दिखाई देता है, जिसमें अलग-अलग मंचों से उठने वाले आरोप और नैरेटिव कई बार एक-दूसरे को पुष्ट करते हैं। एक मंच पर लगाया गया आरोप दूसरे मंच पर संदर्भ बनता है, दूसरा मंच उसे वैधता देता है और अंततः वही आरोप सार्वजनिक विमर्श में स्थापित तथ्य की तरह प्रस्तुत होने लगता है। इन समस्त विरोधों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि स्वयं डॉ. मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में क्या कहा? उन्होंने 'अस्तित्व की एकता' को अपनी विश्व-दृष्टि का आधार बताया और स्पष्ट किया कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है। उनके अनुसार मनुष्य की श्रेष्ठता दूसरों पर प्रभुत्व में नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रति अपने दायित्व को समझने में है। न्यूयॉर्क से उनका यह संदेश भारत की उस दीर्घ सभ्यतागत दृष्टि का वैश्विक प्रतिपादन था, जिसमें 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है। विडंबना यह है कि जिस मंच से एकता, संवाद, सह-अस्तित्व और मानवता का संदेश दिया जाना था, उसी मंच के वक्ता के विचार सुने बिना उसके विरोध में अभियान चलाया गया। किसी व्यक्ति के विचारों से असहमति लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसे सुने बिना ही अस्वीकार्य घोषित कर देना बहुलतावाद की मूल भावना पर प्रश्नचिह्न लगाता है। लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा सहमति में नहीं, असहमति को सहने की क्षमता में होती है। पश्चिमी लोकतंत्रों की परिपक्वता की एक कसौटी यह भी होनी चाहिए कि वे अपने समाजों में उभरते वामी-जिहादी गठजोड़ को पहचानें और उसकी विभाजनकारी एवं कट्टरपंथी प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं, ताकि कलह, वैमनस्य और संघर्ष से पीड़ित विश्व को वास्तविक शांति और सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग मिल सके।

( लेखक,शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मेजबानी

डॉ. मोनिका शर्मा



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बढ़ता महत्व

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आज दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में गिना जाता है। महिलाओं के पेशेवर क्रिकेट खेलने को पुरुषों के समान ही महत्व मिलने लगा है। अब न केवल मैदान में बल्ला घुमाती बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदली है, बल्कि महिलाओं का खेल देखने में भी रुचि बढ़ी है। ऐसे में भारत को पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलना क्रिकेट के खेल में महिलाओं के बढ़ते दखल और महिला क्रिकेट के बढ़ते महत्व से जुड़ा सुखद समाचार है। पहली बार होने जा रहे महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 28 फरवरी तक होगा। गौरतलब है कि आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी-2027 से पहले महिला आईसीसी के महिला क्रिकेट से जुड़े दो ही आयोजन होते रहे हैं। ऐसे में वनडे विश्व कप और टी20 विश्व कप के साथ अब महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना, महिला क्रिकेट से ही नहीं खेल-जगत से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी है। दरअसल, कुछ साल पहले बीसीसीआई से अनुबंधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर मैच फीस मिलने के निर्णय के बाद से इस मोर्चे पर बड़ा बदलाव देखा गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा वर्ल्ड कप में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दिए जाने का निर्णय भी अहम भी रहा। असल में पुरुष क्रिकेट भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में दशकों से एक लोकप्रिय खेल बना हुआ है। पुरुषों के मुकाबले इस खेल में महिलाओं की भागीदारी की ओर ध्यान जरा कम रहा है। गौरतलब है कि दुनिया का पहला महिला क्रिकेट विश्व कप 1973 में इंग्लैंड में आयोजित किया गया था। वहीं पुरुषों के पहले क्रिकेट विश्व कप का आयोजन 1975 में हुआ। महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन दो वर्ष पहले होने एक बावजूद इस खेल में पुरुषों के मुक़ाबले कम ही चर्चा मिली। लोगों का रुझान भी बहुत धीमी गति से बढ़ा। आगे चलकर इंटरनेशनल महिला क्रिकेट परिषद का विलय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में हुआ। इससे महिला क्रिकेट को पुरुषों के समान संसाधन, मीडिया कवरेज और वैश्विक मंच मिलना शुरू हुआ। भारत में 2006 में भारतीय महिला क्रिकेट संघ का विलय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में होने के बाद से महिला क्रिकेटरों को बेहतर सुविधाएं और अच्छे अनुबंध मिलने शुरू हुए। उस समय यह अनुमान लगाना भी मुश्किल था कि बीसीसीआई के भावी निर्णय और महिला खिलाड़ियों की लगन इस खेल को इतनी ऊंचाई पर ले जाएंगे। हालिया वर्षों में शुरू हुए टी20 और आईपीएल आयोजनों के बाद से महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की बहुत प्रभावी पहचान बन गई है। कुछ समय पहले आई आईसीसी की महिला वनडे रैंकिंग के अनुसार स्मृति मंधाना दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज हैं। इन दिनों दुबई में चल रहे महिला एशिया कप-2026 में भी हमारी टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। ध्यातव्य है कि भारत में 2017 में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम के पहुंचने के बाद से ही महिला क्रिकेट को गंभीरता से लिया जाने लगा। अपने बेहतरीन प्रदर्शन को कायम रखते हुए हमारी महिला टीम 2020 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। साथ ही 2022 में बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी टीम ने रजत पदक हासिल किया था। आईसीसी महिला एक दिवसीय विश्व कप-2025 का खिताब भी हमारी महिला क्रिकेट टीम ने जीता था। इतना ही नहीं, अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम ने भी वैश्विक स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के साथ ही महिला क्रिकेटर अपने खेल का दमखम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैदानों पर जमकर दिखा रही हैं। ऐसी उपलब्धियों के चलते ही कभी पुरुषों का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में अब महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की खूब चर्चा होने लगी है। देखने में भी आ रहा है कि अब भारत में अधिक संख्या में महिलाएं क्रिकेट खेल रही हैं। घर-परिवार में भी बेटियों के इस खेल से जुड़ने के मोर्चे पर सहजता आई है। हर पहलू पर हो रहे सकारात्मक बदलाव का ही परिणाम है कि दर्शक भी बड़े पैमाने पर महिला मुकाबलों में रुचि लेने लगे हैं। 2025 में घरेलू मैदान पर अपना पहला महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम हर आयोजन में अपनी बेहतरीन क्षमता का परिचय दे रही है। स्पष्ट है कि महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी से महिला क्रिकेट को लेकर आमजन का रुझान और रोमांच और बढ़ेगा। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमों की हिस्सेदारी वाले इस आयोजन से देश ही नहीं, दुनियाभर में महिला खिलाड़ियों के मान-मनोबल की चर्चा होगी। बेटियों को क्रिकेट के खेल से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

## अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली संभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जहरीली शराब से मौतें, जिम्मेदार कौन?

बहुत ही निंदनीय है कि मध्य प्रदेश में लापरवाही कुछ लोगों की जान पर भारी पड़ गई। यह लापरवाही सरकार, प्रशासन और खुद नशा करने वाले लोगों की मानी जा सकती है। यहां जहरीली शराब बहुत से लोगों की जान की दुश्मन बन गई। हमारे देश में नशा बहुत से लोगों की जान पर भारी पड़ता आ रहा है, लेकिन सरकारें और प्रशासन इस पर कोई खास गंभीर नहीं दिखते, तभी तो देश में जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी चिंताजनक स्थिति में है। एक तरफ सरकारें नशे पर नकेल कसने के दावे करती हैं, लेकिन वहीं दूसरी तरफ जहरीली शराब का दानव समय-समय पर सिर उठाकर सैकड़ों लोगों को मौत की नींद जब सुलाता है तो इन सभी खोखले दावों की हकीकत को बयां कर देता है।- *रोहताश शर्मा, रोहतक*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने साइबर हमले की आशंका से किया इनकार

ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) ने बुधवार को इस बात से इनकार किया कि देश के हवाईअड्डों पर बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान का कारण साइबर हमला था। इस व्यवधान से भारत आने-जाने वाली कई उड़ानें भी प्रभावित हुईं। मंगलवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में आई तकनीकी समस्या के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और करीब 2,000 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके दुष्प्रभाव दूसरे दिन भी जारी रहे। इस व्यवधान के कारण हजारों यात्रियों को दिक्कत हुई। ब्रिटेन के सबसे व्यस्त हीथ्रो हवाई अड्डे के अलावा गैटविक, स्टैनस्टेड, ल्यूटन और मैनचेस्टर हवाई अड्डों पर भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और देरी हुई।



एनएटीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्टिन रॉल्फ ने बीबीसी से कहा, 'हम बहुत गहन जांच करेंगे। फिलहाल, हमने साइबर हमले की आशंका को खारिज किया है।' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने इससे पहले कभी ऐसी घटना देखी है जो एक से अधिक बार हुई हो। यह ऐसी घटना होगी, जिसे हमने 50 से अधिक वर्षों के संचालन में नहीं देखा है। मैं कहूंगा कि सुरक्षा और आपदा से निपटने की क्षमता, दोनों के लिहाज से ब्रिटेन की दुनिया में सबसे अच्छी साख है।'

## ऑफ बीट

# स्वीडन में पूंजीपतियों को लेकर नजरिया बदल रहा

फर्नीचर कंपनी आईकिया के संस्थापक इंग्वार कम्पराड के मामले में स्वीडन के लोगों को यह बात खास तौर पर पसंद थी कि वह पुरानी कार चलाते थे



(स्वाभाविक रूप से वोल्वो)। वह अपने स्टोर में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच जाकर उनसे बातचीत करते थे और हर साल खुद उन्हें क्रिसमस के तोहफे देते थे। उनका यह साधारण दिखने का अंदाज (जिसे कुछ लोग सोची-समझी रणनीति भी कह सकते हैं) लोगों का ध्यान इस बात से हटा देता था कि कम्पराड दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक थे और स्वीडन के ऊंचे करों से बचने के लिए स्विट्जरलैंड चले गए थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने स्वीडन में आए हैरान करने वाले पूंजीवादी कायापलट पर लिखा है और 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने इस धारणा पर खबर की है कि यह देश अब अरबपतियों से भरा गया है। बीबीसी ने 2024 में 'सुपर-रिच स्वेड्स' नाम से एक वृत्तचित्र पॉडकास्ट भी प्रसारित किया। और इस दिलचस्पी के पीछे ठोस वजहें हैं। लंबे समय तक स्वीडन दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में शामिल रहा, लेकिन पूंजी और संपत्ति पर कर लगाने के मामले में अब स्थिति अलग है। मसलन, देश में अब संपत्ति कर, विरासत कर या अचल संपत्ति कर नहीं है।

## ट्रेंड

### मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 3 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंज़ूरी दी है। इन प्रोजेक्ट्स से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इनकी अनुमानित लागत 10,783 करोड़ है।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### समान भागीदार



महिलाएं अब केवल शिक्षा और रोज़गार के अवसरों तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में हर क्षेत्र में समान भागीदार बनेंगी। इसके लिए डबल-इंजन सरकार अपने सभी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रही है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### कानून-व्यवस्था नहीं



मणिपुर के जाने-माने संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह जी की भीड़ द्वारा बेरहमी से की गई हत्या, बीजेपी के शासन में पूरी तरह से कानून-व्यवस्था के न होने की एक और डरावनी याद दिलाती है। छात्र सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं को हर दिन अत्याचार का सामना करना पड़ता है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### बाहर जाने की मनाही



जो लोग कहते हैं कि मैं भारत आने से इनकार करने वाला भगोड़ा हूँ, उन्हें बता दूँ कि मैं 1992 से यूनाइटेड किंगडम का स्थायी निवासी हूँ और अभी कानूनी तौर पर मुझे इस देश से बाहर जाने की मनाही है।
- **विजय माल्या,** पूर्व राज्यसभा सदस्य

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डुप्लीकेट फैकल्टी वाले कॉलेजों पर 3 लाख प्रति फैकल्टी जुर्माना, 50 पौधे लगाने की भी शर्त

# नर्सिंग की रुकी परीक्षाओं का रास्ता साफ, हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और फर्जीवाड़े से जुड़े मामलों में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को अहम आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं न्यायमूर्ति बी.पी. शर्मा की युगलपीठ ने डुप्लीकेट फैकल्टी वाले कॉलेजों के छात्रों को शर्तों के साथ परीक्षा में शामिल होने का रास्ता साफ कर दिया है। साथ ही पहले परीक्षा दे चुके पात्र छात्रों के परिणाम भी घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुनवाई के दौरान लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल सहित अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने कोर्ट के समक्ष मामले से जुड़े तथ्य रखे। सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार 119 सूटेबल और 153 डिफिशिएंट कॉलेजों में



टीचिंग फैकल्टी की डुप्लीकेसी सामने आई है, जबकि 35 सूटेबल कॉलेजों में डुप्लीकेट फैकल्टी नहीं मिली।

### प्रति डुप्लीकेट फैकल्टी 3 लाख जुर्माना

हाईकोर्ट ने डुप्लीकेट फैकल्टी वाले कॉलेजों को राहत तो दी है, लेकिन इसके लिए आर्थिक दंड की शर्त रखी है। प्रत्येक डुप्लीकेट टीचिंग फैकल्टी पर 3 लाख का जुर्माना देना होगा। इसमें 2 लाख एमपी नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल और 1 लाख जुवेनाइल जस्टिस फंड में जमा करना होगा। एक माह के भीतर जुर्माना जमा करने के बाद संबंधित कॉलेजों को उपयुक्त माना जाएगा और उनके विद्यार्थियों की परीक्षाएं आयोजित की जा सकेंगी तथा परिणाम जारी किए जा सकेंगे। इसका लाभ बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को मिलेगा।

### हर कॉलेज को लगाने होंगे 50 पौधे

कोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण को भी आदेश का हिस्सा बनाया है। संबंधित प्रत्येक कॉलेज को 50 पौधे लगाने और उनके पेड़ बनने तक देखभाल करने के निर्देश दिए गए हैं। पौधे कॉलेज परिसर अथवा आसपास लगाए जा सकेंगे। पौधारोपण की तस्वीरें निसर्ग ऐप पर अपलोड करनी होंगी।

### नर्सिंग काउंसिल को भी हाईकोर्ट की सख्त चेतावनी

हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को नए कॉलेजों को मान्यता देते समय पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कॉलेजों के निरीक्षण और निर्धारित मापदंडों के पालन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित नियामक अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। कोर्ट ने हाल में नए मान्यता प्राप्त सभी नर्सिंग कॉलेजों का रिकॉर्ड भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर 2026 को होगी।



# जन्माष्टमी मनाकर डॉक्टर और शिक्षकों का किया सम्मान

**जबलपुर।** इरा नंदनी कायस्थ वुमेन्स क्लब की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब की महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में डॉक्टर एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्वेता श्रीवास्तव एवं सौम्या रहीं। अतिथियों और क्लब सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण की सामूहिक आरती की। क्लब अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा ने धार्मिक त्योहारों के महत्व के साथ समाज में शिक्षकों एवं चिकित्सकों की सेवाओं और उनके सम्मान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमरन सक्सेना, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, निधि खरे, शालिनी वर्मा, रुचि श्रीवास्तव और आयुषी सक्सेना सहित क्लब की अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

निगमायुक्त ने राजस्व वसूली और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

# 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत, बकाया कर चुकाने पर मिलेगी राहत

**जबलपुर।** करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक करदाताओं को लोक अदालत के माध्यम से लंबित संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य बकाया देयों का निपटारा करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वे शासन द्वारा दी जा रही छूट एवं सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इससे करदाताओं को सरचार्ज से राहत मिलने के साथ निगम के



राजस्व में भी वृद्धि होगी। निगमायुक्त ने पीएम स्वनिधि एवं संबल योजना की भी समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदनों का त्वरित निराकरण और योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अमृत योजना एवं सीवर परियोजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति तथा आधुनिक ड्रेनेज व्यवस्था से जुड़े कार्य समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किये दो अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस निरस्त

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होने पर दो अनुज्ञप्ति धारियों के स्वीकृत शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिये हैं। इन अनुज्ञप्ति धारियों में थाना मझौली के अंतर्गत ग्राम अनघोरा निवासी राहुल सिंह यादव तथा पाटन थाना के अंतर्गत चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी कृष्णानंद उर्फ कृष्णा प्रसाद बेहुरे शामिल है। दोनों अनुज्ञप्ति धारियों की लायसेंसी बंदूक से हत्या के प्रकरण संबंधित थानों में पंजीबद्ध है। कलेक्टर द्वारा शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के अनुशंसा पर की गई है। इस संबंध में जारी आदेश में कलेक्टर ने शस्त्र शाखा के प्रभारी अधिकारी को तत्काल अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

235 लीटर कच्ची शराब व 48 पाव देशी शराब जब्त 2570 लीटर लाहन नष्ट

# अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश, 22 गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने घमापुर, खमरिया, रांझी, ओमती, बरगी और पनागर थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में 235 लीटर कच्ची शराब, 48 पाव देशी शराब तथा तीन भट्टी, तीन गैस सिलेंडर सहित शराब बनाने के उपकरण जब्त किए गए। मौके पर करीब 2570 लीटर लाहन नष्ट कराया गया।

अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. आयुष जाखड़, सीएसपी गोहलपुर शुभम ठाकुर और सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों प्रवीण कुमरे, रीतेश पांडे, राजपाल सिंह बघेल, उमेश गोल्हानी, नीलेश दोहरे एवं विपिन बिहारी सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

### घमापुर में 135 लीटर शराब जब्त



घमापुर पुलिस ने तेलमिल क्षेत्र में कार्रवाई कर मेहर कुचबंधिया और गोपाल धारकर को 75 लीटर कच्ची शराब, दो भट्टी व एक सिलेंडर के साथ पकड़ा। वहीं दूसरी कार्रवाई में सूरज स्वामी, विक्की कोरी और फेंक एकली से 60 लीटर कच्ची शराब, एक भट्टी और दो सिलेंडर जब्त किए गए। दोनों स्थानों से करीब 2000 लीटर लाहन नष्ट कराया गया। मामले में दीपक और पवन कुचबंधिया तथा शेरू कुचबंधिया पुलिस की पकड़ से बच निकले।

### अन्य थाना क्षेत्रों में भी कार्रवाई

खमरिया पुलिस ने महेन्द्र पटेल, जग्गो बाई बंजारा, रेखा बंजारा और ललिता बंजारा से 20 लीटर कच्ची शराब जब्त कर करीब 70 लीटर लाहन नष्ट किया। रांझी पुलिस ने राहुल बाबू सोनकर और प्रेम शंकर सोनकर को 11 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा तथा करीब 2500 लीटर लाहन नष्ट कराया। ओमती पुलिस ने राजेश सोनकर से 32 पाव देशी शराब, राजा सिंह बरकड़े से 5 लीटर कच्ची शराब और रफीक शाह से 15 पाव देशी शराब जब्त की। बरगी पुलिस ने किशन लाल झारिया, आशा बाईल, महेश सल्लाम, कन्छेदी बर्मन और सोहित बर्मन को क्रमशः कच्ची शराब व देशी शराब के साथ पकड़ा। पनागर पुलिस ने अजय उर्फ अज्जू कोल, ज्ञानवती केवट और रोहिणी उर्फ नंदनी केवट से 21 लीटर कच्ची शराब जब्त की। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

भाजपा मंडलों की कार्य समिति बैठकें संपन्न 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान

# विश्व पटल पर बढ़ा भारत का गौरव : राकेश सिंह

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी नई पहचान और मजबूत प्रतिष्ठा स्थापित की है। प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा देश के करोड़ों गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की यात्रा है। वे पश्चिम विधानसभा के महर्षि वाल्मीकि मंडल की कार्यसमिति बैठक को रामपुर में संबोधित कर रहे थे।

भाजपा द्वारा पश्चिम विधानसभा के महर्षि वाल्मीकि, कैंट विधानसभा के अटल बिहारी वाजपेयी, वीर सावरकर, शहीद भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी तथा पूर्व विधानसभा के तिलक, मुखर्जी एवं उत्तर विधानसभा के विवेकानंद मंडल में कार्यसमिति बैठकें आयोजित की गईं। मंत्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों को पक्के आवास, नल से



जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुंचाई हैं।

भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। यह प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की समाज के प्रति जिम्मेदारी है। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है।

कार्यसमिति को विधायक अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। बैठक में मंडल अध्यक्षों सहित पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक और पार्षद उपस्थित रहे।

शेष मंडलों की बैठक आजः भाजपा के नर्मदा, महाराणा प्रताप, रानी दुर्गावती, गिरिराज किशोर कपूर, दीनदयाल उपाध्याय, चंद्रशेखर आजाद, कुशाभाऊ ठाकरे, सुभाषचंद्र बोस और अब्दुल हमीद मंडल की कार्यसमिति बैठकें 10 सितंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएंगी।

### 1,763 स्कूलों में बिजली कनेक्शन का काम पूरा

**जबलपुर।** विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्युतीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कंपनी के कार्यक्षेत्र के 24 जिलों में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा चिन्हित 2,752 गैर-विद्युतीकृत स्कूलों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। सर्वेक्षण में 394 स्कूलों में पहले से बिजली कनेक्शन पाए गए, जबकि अन्य कारणों से कुछ विद्यालयों में तत्काल कनेक्शन संभव नहीं है। शेष 2,254 स्कूलों के लिए विद्युतीकरण की कार्ययोजना बनाई गई। इनमें 814 स्कूलों में बिना अतिरिक्त विस्तार के सीधे कनेक्शन दिए जाने थे, जबकि 1,440 स्कूलों में बिजली लाइन एवं नेटवर्क विस्तार की जरूरत थी। कंपनी के अनुसार अब तक 1,763 स्कूलों में बिजली कनेक्शन पूरा किया जा चुका है। इनमें 814 बिना विस्तार वाले तथा 949 स्कूल नेटवर्क विस्तार के बाद विद्युत सुविधा से जुड़े हैं। इस तरह लक्षित 2,254 स्कूलों में करीब 78 प्रतिशत का विद्युतीकरण पूरा हो गया है, जबकि शेष 491 स्कूलों में कार्य जारी है। पूर्ण किए गए कनेक्शनों में से 1,667 के **IVR** भी जनरेट किए जा चुके हैं। कंपनी द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में बिजली पहुंचाने के साथ आवश्यक नेटवर्क विस्तार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। शेष विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से विद्युत सुविधा से जोड़ने का कार्य तेजी से जारी है।

### जबलपुर में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्र शुरू

**जबलपुर।** आधार सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और तेज बनाने के उद्देश्य से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने जबलपुर में नया आधार सेवा केंद्र आम नागरिकों के लिए शुरू कर दिया है। अब नागरिक आधार से संबंधित विभिन्न सेवाओं के लिए भूतल, लाड़ली लक्ष्मी पथ के पास, स्नेह नगर, जबलपुर-482002 स्थित केंद्र पर पहुंच सकते हैं। UIDAI का नया केंद्र सप्ताह के सातों दिन संचालित होगा। केंद्र में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सेवा काउंटर बनाए गए हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अपनी सुविधा के अनुसार समय स्लॉट बुक कर सेवाएं प्राप्त की जा सकेंगी।



गुम मोबाइलों की तलाश में जबलपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# सीईआईआर पोर्टल से 175 मोबाइल ट्रेस 30 लाख रुपये के फोन धारकों को लौटाए

हरिभूमि, जबलपुर।

गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश में जबलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से 175 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक धारकों को वापस सौंपे। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदकों के चेहरों पर खुशी नजर आई और उन्होंने पुलिस की कार्यवाही की सराहना की। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के आदेश तथा एएसपी सिटी डॉ. आयुष जाखड़ एवं एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइलों को ट्रेस करने की कार्रवाई की गई।

### मोबाइल गुम हो तो तत्काल शिकायत करें

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं और पोर्टल पर मोबाइल को पंजीकृत कराएं। उन्होंने साइबर ठगी से बचने के लिए भी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, वेबसाइट अथवा साइबर सेल जबलपुर के हेल्पलाइन नंबर 7701050010 पर संपर्क करने की अपील की गई है। पुलिस ने नागरिकों को आगाह किया कि अनजान कॉल, लिंक या सोशल मीडिया ग्रुप से मिलने वाली निवेश सलाह पर भरोसा न करें। व्हाट्सऐप पर आने वाली संदिग्ध फाइल डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। बैंक खाते, ओटीपी, पासवर्ड एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करें। व्यापार बढ़ाने, नौकरी, गेमिंग कमीशन अथवा अन्य लालच देकर जानकारी मांगने वाले साइबर ठगों से विशेष सावधानी बरतें।

पुलिस कप्तान ने स्टार लगाकर दी बधाई, बढ़ी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की दी सीख

# पदोन्नति पर 11 पुलिस अधिकारियों के कंधों पर सजा तीसरा सितारा

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त पदोन्नति आदेश के बाद जबलपुर पुलिस के 11 अधिकारियों के लिए गुरुवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। सूबेदार से रक्षित निरीक्षक तथा उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों के कंधों पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने तीसरा सितारा लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सूबेदार से



रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नत राहुल सिंह, रूमा तेकाम एवं रोशनी केशरवानी तथा उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत जागृति साहू, सोनल पाण्डे, संगीता चौधरी, आभा दुबे, हेमामल थापा, दीप्ति मरावी, शैलेन्द्र सिंह एवं दिनेश गौतम को पदोन्नति का स्टार लगाया गया। इस दौरान एएसपी सिटी आयुष जाखड़, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कप्तान उपाध्याय ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अब तक मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए अपना सेवा रिकॉर्ड बेहतर बनाए रखा है। इसी समर्पण और अनुशासन के साथ आगे भी कार्य करते हुए स्वयं के साथ-साथ पुलिस विभाग का नाम रोशन करें।

उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल पद और वर्दी पर सितारे बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों में वृद्धि का भी संकेत है। पदोन्नत अधिकारियों के अब तक के अनुभव का लाभ नई जिम्मेदारियों के निर्वहन में मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे जाएंगे, उनका वे पूरी ईमानदारी, जवाबदेही और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदोन्नत साथियों को शुभकामनाएं दीं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत, चालक वाहन समेत फरार

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम छतरपुर के पास मंगलवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे 32 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम छतरपुर-बिछुआ निवासी रविशंकर सेन ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका छोटा भाई भगवानदास सेन सैलून चलाता था। मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे भगवानदास छतरपुर से पैदल अपने गांव बिछुआ लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे में भगवानदास के सीने और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पनागर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।



# इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला शुरू

## 11 सितंबर को लगेगी विद्यार्थियों की बनाई प्रतिमाओं की प्रदर्शनी

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान भवन में दो दिवसीय "इको-फ्रेंडली गणेश आइडल वर्कशॉप" का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के पहले दिन विद्यार्थियों को मिट्टी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा बनाने की तकनीक सिखाई गई। ट्रेनर श्रीया जैन ने विद्यार्थियों को मिट्टी तैयार करने, उसे गूंथकर प्रतिमा बनाने योग्य बनाने तथा मिट्टी की मजबूती और सही बनावट सुनिश्चित करने की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वयं मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, हस्तकौशल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। कुलसचिव डॉ. रवि शंकर सोनवाल ने कहा कि इस तरह के नवाचार विद्यार्थियों को स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिमाओं पर पेंटिंग एवं रंग सज्जा कराई जाएगी। 11 सितंबर को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सह-समन्वयक डॉ. मीनल दुबे ने इसे "मिट्टी से सृजन और प्रकृति के प्रति सम्मान" का संदेश देने वाली उपयोगी पहल बताया।




# अग्निवीरों ने एयर राइफल शूटिंग में जीते स्वर्ण-रजत

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर के अग्निवीरों ने गोवा में आयोजित 13वीं पश्चिम क्षेत्र एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रेजिमेंट का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अग्निवीर बिन्नत कुमार ने स्वर्ण तथा अग्निवीर रोहित मजोत्रा ने रजत पदक हासिल किया। दोनों निशानेबाजों ने सटीकता, एकाग्रता, मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता से सेंटर के अन्य अग्निवीरों में भी उत्साह बढ़ा है। जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ने दोनों अग्निवीरों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी इसी समर्पण और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सैन्य अधिकारियों के अनुसार खेलों में भागीदारी से अग्निवीरों में अनुशासन, दृढ़ता, मानसिक मजबूती, टीम भावना और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने जैसे सैन्य सेवा के लिए आवश्यक गुण विकसित होते हैं। यह उपलब्धि खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के अवसर देने की सेंटर की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।



## 31वीं जिला कराते ओपन चैंपियनशिप संपन्न

**जबलपुर।** ऑल इंडिया शितोरियो कराते स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सिंधी धर्मशाला, घंटाघर में 31वीं जिला स्तरीय कराते ओपन चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्रतियोगिता का समापन कैंट बोर्ड अध्यक्ष ए.एस. परिहार, कैंट बोर्ड सचिव साइब्रिन जैकब, विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार जैन एवं राजा तिवारी की उपस्थिति में हुआ।मुख्य निर्णायक एवं इंडिया चीफ, ब्लैक बेल्ट 6वीं डिग्री श्यान मोहम्मद नफीस ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 स्कूलों के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में तृशा, अनविका, सुप्रिया, दिलप्रीत कौर, आरती जैन, कर्निका शर्मा, रिद्धिमा, सिद्धिका दुबे, शान्वी बगरोदिया, आर्या अग्रवाल, विधि शर्मा, सूर्यांश सोनकर और सृष्टि गुप्ता सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

# नगर निगम बेड़े में शामिल हुईं 40 नई सीएनजी कचरा गाड़ियां

## महापौर अन्नू ने खुद सीएनजी वाहन चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने 40 नए सीएनजी कचरा संग्रहण वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया। नगर निगम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', निगम अध्यक्ष रिंकू विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा का संदेश देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने स्वयं सीएनजी कचरा वाहन चलाया। उन्होंने बताया कि अगले दो माह में 100 इलेक्ट्रिक कचरा कलेक्शन वाहन और 40 सीएनजी वाहन और खरीदे जाएंगे। नवंबर से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए नगर निगम के मैदान में करीब 600 वाहन उपलब्ध रहेंगे।नए वाहनों से शहर के वार्डों एवं गली-मोहल्लों में कचरा संग्रहण व्यवस्था मजबूत होने के साथ समय पर कचरा



उठाव सुनिश्चित होगा। सीएनजी वाहनों के उपयोग से डीजल की खपत एवं ईंधन खर्च में कमी आने के साथ कार्बन उत्सर्जन भी घटेगा। नगर निगम का मानना है कि यह कदम शहर की स्वच्छता व्यवस्था को गति देने के साथ जबलपुर को ग्रीन एवं इको-फ्रेंडली सिटी बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# चंद्रजीत चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, जल उपभोक्ता संथा चुनाव

**सिहोरा।** जल उपभोक्ता संथा गांधीगंज के अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को हुए चुनाव में चंद्रजीत पटेल चौथी बार सर्वसम्मति निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए गए निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। बुधवार की सुबह 11 बजे जनपद पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई निर्वाचन शांति पूर्वक संपन्न कराने में नर्मदा विकास संभाग के एसडीओ घनश्याम मेहरा, ओमकार मेसराम, महिपाल सिंह डाबर, सहायक मुन्नालाल दुबे आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए संथा के नवनिर्वाचित 12 सदस्य बलदेव पटेल, सुरेश पटेल, जगन्नाथ पटेल, जागेश्वर पटेल, राजा भैया ठाकुर, गुलाब सिंह ठाकुर, गोविंद



सिंह ठाकुर, हरिओम पटेल, लक्ष्मी पटेल, भारत पटेल, चंद्रजीत पटेल एवं विजय चौधरी मौजूद थे। नवनिर्वाचित सदस्य लक्ष्मी पटेल ने अध्यक्ष पद के लिए निवृत्तमान अध्यक्ष चंद्रजीत पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा निर्वाचन में शामिल सभी सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। जिससे निर्वाचन अधिकारी ने चंद्रजीत पटेल को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल, भारत कृषक समाज तहसील अध्यक्ष रामगोपाल पटेल, सुबोध दुबे, भारतीय किसान संघ शैलेष पटेल, गंगा पटेल आदि ने बधाई दी।

# 'हनुमान अंश' फिल्म से हुआ आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

**जबलपुर।** नीब करौरी बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' का सिहोरा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक संतोष बरकड़े के नेतृत्व में सिविक सेंटर स्थित समदड़िया मल्टीप्लेक्स में सामूहिक रूप से प्रदर्शन देखा।विधायक संतोष बरकड़े ने कहा कि धर्म, संस्कृति और संत-महात्माओं के जीवन पर आधारित फिल्मों के प्रति युवाओं में भी रुचि बढ़ना शुभ संकेत है। 'हनुमान अंश' देखने के बाद सभी में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने लोगों से परिवार के साथ फिल्म देखने की अपील की। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई,



अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक नंदनी मरावी, दिलीप दुबे, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महामंत्री राजेश दाहिया, रुपेश पटेल, कृष्णशेखर सिंह, संध्या दुबे, रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, अनुपम सराफ, राजमणि सिंह, सतीश पटेल, पवन गुप्ता, आनंद नौगांरिया, राजेश साहू, विनोद मारको एवं गणपत उइके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## वायु सर्वेक्षण में जबलपुर का तीसरा स्थान प्राप्त करना पूरे शहर के लिए गौरव : राकेश सिंह

**जबलपुर।** राष्ट्रीय वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता में जबलपुर ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल कर संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार को बधाई दी। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर वायु सर्वेक्षण में जबलपुर का तीसरा स्थान प्राप्त करना पूरे शहर के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि संस्कारधानी के प्रत्येक नागरिक का सम्मान है। नागरिकों के सहयोग और जागरूकता से शहर ने यह मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम में रिंकू विज, महापौर परिषद के सदस्यगण तथा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने उपलब्धि पर खुशी जताते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जबलपुर को आगे ले जाने का संकल्प दोहराया।




## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सीखी जीवन जीने की कला

**सिहोरा।** धार्मिक एवं प्रकृत से जुड़े पर्व जीवन चेतना को जागते है।इसका उदाहरण हमें एकीकृत शासकीय माध्यमिक हिंदी स्कूल सिहोरा में देखने को मिला। जहाँ नन्हें मुन्हें बच्चों को जीवन जीने की कला सीखने का अवसर भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण की लीलाओं के सचित्र चित्रण माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं ने तरह-तरह की वेशभूषा में सजकर सांस्कृतिक गतिविधियों में सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए अलौकिक वातावरण निर्मित किया। श्रीमती सुषमा सिंह करचुली अध्यक्ष नवांकुर संस्था स्व-सेवा संयोजन समिति के मुख्य आतिथ्य,श्रीमती सारिका साहू,श्रीमती मीनू परिहार एवं श्रीमती रंजना ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया जबकी कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.पी उपाध्याय ने की कार्यक्रम प्रधानाध्यापक सुरेंद्र तिवारी एवं समस्त शिक्षकों के संयोजन में किया गया। संचालन मीनाक्षी तिवारी ने किया ।

## अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी के विरोध में अधारताल में पुतला दहन

**जबलपुर ।** कांग्रेस द्वारा आधारताल स्थित बिरसा मुंडा चौक में अयोध्या के राम मंदिर मे हुये चंदा व चढ़ावा चोरी के विरोध मे प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा तत्कालीन ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का पुतला दहन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चमन पासी के नेतृत्व में करके विरोध प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर कांग्रेस नेता चमन पासी, मनोज भदौरिया, जग्गू आशिक इकबाल, ताहिर अली, डॉक्टर नीरज शर्मा, डॉक्टर प्रमोद लाल, पूरन कोरी, सोहन कटारे, एडवोकेट इरफान मंसूरी, गंगा ठाकुर, बबलू तिवारी, सुबोध पहाड़िया, राजू तोमर, बीजू तिवारी, संतोष लोधी, विकास विश्वकर्मा, कीर्ति सिंह, बाबा लहरी, मुन्ना भाई, पप्पू केवट, देवदास, चमकी खान, गिरिजा शंकर पटेल, उमेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।



## शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर घंटाघर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में गरिमामयी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा एवं खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यरत, सेवानिवृत्त एवं खेल शिक्षकों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने मुख्य अतिथि तजिन्दर सिंह टीटू का अभिवादन करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उन शिक्षकों के प्रति

# कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य को किया सम्मानित

**सिहोरा।** विगत दिनों जबलपुर में आयोजित समारोह में सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय को उनके उल्लेखनीय और उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण (जबलपुर संभाग) घनश्याम सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे ने प्राचार्य उपाध्याय को शाल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उपाध्याय को यह सम्मान माध्यमिक शिक्षा मण्डल (माशिमं) द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और




12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने,छात्र नामांकन लगातार बढ़ाने तथा खेलकूद व अन्य पाठ्यसहगामी गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने पर प्रदान किया गया है। उपाध्याय के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं ने प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में चौथा स्थान तथा जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। तथा विद्यार्थियों ने भी खेल के क्षेत्र में भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# बुढागर में यातायात नियम तोड़ने वालों पर चलित न्यायालय की कार्यवाही

**सिहोरा।** प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार बुधवार को चलित न्यायालय के तहत गोसलपुर (बुढ़ागर)कस्बे में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विशाल रिछारिया के साथ थाना प्रभारी भावना तिवारी की मौजूदगी में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों और मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने की



समझाइश भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों की अनदेखी न करें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी हादसे का कारण बन सकती है। पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने,सीट बेल्ट लगाने एवं जरूरी दस्तावेज साथ रखने और सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की हिदायत दी। चलित न्यायालय की कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा।

**श्रीमती बिन्नी बाई गोल्हानी-** मालगुजार परिसर गोहलपुर निवासी श्री राम कुमार गोल्हानी की धर्मपत्नी श्रीमती बिन्नी बाई गोल्हानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेणू ग्रोवर-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री नरेंद्र ग्रोवर की धर्मपत्नी श्रीमती रेणू ग्रोवर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश जायसवाल-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री जगदीश जायसवाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्र प्रकाश बाथरे-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री इंद्र प्रकाश बाथरे (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुमार दुबे-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री मदन लाल दुबे के पुत्र श्री संतोष कुमार दुबे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल देवानी-** रशीदगंज मस्जिद के बाजू वाली गली नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री किशन लाल देवानी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पापा कोरी-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री पापा कोरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काजल जाट-** कंजर मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री चंद्रकिशन जाट की धर्मपत्नी श्रीमती काजल जाट (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र दुबे-** गौरीघाट निवासी श्री दिलीप दुबे के पुत्र श्री नरेंद्र दुबे (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण शर्मा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री राम नारायण शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई चौधरी-** गली नं. 5 अम्बेडकर नगर पोलीपाथर निवासी श्री सेवक लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीचंद चौधरी-** कांचघर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री हरीचंद चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती देवी कुशवाहा-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी




निवासी श्री नंदलाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती देवी कुशवाहा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मयूर कुमार जाट-** छोटी ओमती दुर्गा साईं मंदिर के पास निवासी श्री मयूर कुमार जाट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा नागेश-** बरसाना मोहल्ला प्रेमनगर निवासी श्री अनिल कुमार नागेश की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा नागेश (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि जायसवाल-** नई बस्ती गोहलपुर निवासी श्री रवि जायसवाल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दमयंती कोरी-** माली मोहल्ला गढ़ा रोड निवासी श्री किशन लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती कोरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण सिंह ठाकुर-** सिंघई कॉलोनी निवाडग़ंज निवासी श्री नारायण सिंह ठाकुर (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण शर्मा-** वन विहार कॉलोनी गौर सालीवाड़ा निवासी श्री अरूण शर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रोपती बाई-** गौरीघाट बड़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री सेवक की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तरूण रामावत-** ककरैया तलैया लक्ष्मी कॉलोनी निवासी श्री मनसुख रामावत के पुत्र श्री तरूण रामावत (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश चौधरी-** नई बस्ती सुभाष नगर रांझी निवासी श्री कामता प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री राजेश चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# जहरीली शराब कांड के बाद जिस सागर गोल्ड ब्रांड को प्रतिबंधित किया, महज कुछ घंटे में उसी पर लगा दी रोक

## पूरा मामला संदेहास्पद हुआ, सहायक आबकारी आयुक्त से जवाब तलब, 15 दिन के भीतर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

कथित रूप से इसी सागर गोल्ड ब्रांड शराब के सेवन से सागर जिले में हुई हैं मौतें



आबकारी विभाग के चर्चित सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे के एक आदेश ने समूचे आबकारी महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सागर जहरीली शराब कांड के बाद तत्काल बाद दुबे ने जबलपुर जिले के समस्त शराब दुकानों को पत्र लिखकर उक्त शराब की सागर गोल्ड को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया था, किंतु पत्र के महज कुछ ही घंटे बाद उन्होंने खुद एक संशोधन पत्र जारी कर अपने ही आदेश पर रोक लगा दी। अब इसे लेकर महकमे में हंगामा मच गया है। बताते हैं कि सहायक आबकारी आयुक्त दुबे ने सागर जहरीली शराब कांड के तत्काल बाद आदेश जारी कर कहा कि मीडिया के जरिए पता चला कि सागर जिले में जहरीली शराब सागर गोल्ड के सेवन से कतिपय लोगों की मृत्यु हुई है। उक्त घटना की गंभीरता तथा मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के प्रयोजन से जबलपुर जिले की समस्त शराब दुकानों में सागर गोल्ड के विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। गौरतलब है कि सागर जहरीली शराब कांड में कथित रूप से इसी सागर गोल्ड शराब के पीने से दो दर्जन से अधिक मौते हुई हैं। उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा कि समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक अपनी प्रभाराधीन मदिरा दुकानों से सुनिश्चित करेंगे कि सागर गोल्ड का विक्रय नहीं हो। यदि किसी मदिरा दुकान में उक्त शराब संग्रहित है तो तत्काल उसे सीलबंद कर जब्त करें। उक्त शराब की जांच फारेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से कराई जाए। विशिष्ट कार्यालयों से अथवा शराब की शुचिता की जांच रिपोर्ट आने तक सागर गोल्ड का विक्रय जिले की समस्त दुकानों में पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। इस आदेश का पालन कड़ाई से किया जाए। कार्रवाई से दोपहर तक समस्त शराब दुकानों में पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाए।

### महज कुछ ही घंटों बाद दुबे ने कहा, कोई कार्रवाई की जरूरत नहीं

मजे की बात यह कि इसके कुछ ही घंटों बाद सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे ने एक और संशोधित पत्र जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभारी नियंत्रण कक्ष जबलपुर की ओर से अवगत कराया गया है कि जबलपुर जिले में सागर गोल्ड नगण्य स्थिति में है। अतः इस कार्यालय के उक्त पत्र में आंशिक संशोधन करते हुए सभी आबकारी अधिकारी अनी प्रभाराधीन मदिरा दुकानों की सामान्य जांच करें तथा कच्ची मदिरा के निर्माण के चिन्हित क्षेत्रों में प्रभारी कार्रवाई करें। अन्य किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। अब यह मामला पेंचीदा हो गया।

### वाणिज्यिक कर विभाग ने पत्र पर सफाई मांगी

सहायक आबकारी आयुक्त दुबे महकम में काफी चर्चित अधिकारी हैं। इंदौर में पदस्थापना के दौरान उन पर कई बड़े संगीन आरोप लगे। उनके बारे में कहा जाता है कि दुबे विभाग में इकलौते ऐसे अफसर हैं, जो कुछ भी करें, पर उनका कुछ नहीं बिगड़ता। हालांकि वाणिज्यिक कर विभाग ने उनके दोनों पत्रों के संज्ञान में आने के बाद नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर पूछा गया है।

### सागर गोल्ड ब्रांड काफी प्रभावशाली

सूत्रों ने बताया कि इसी सागर गोल्ड ब्रांड शराब पीने से मौतें हुई है। ऐसे में एक तरफ तो दुबे का प्रतिबंधित करने का निर्णय उचित है, पर दूसरी तरफ कुछ ही घंटों पर प्रतिबंध को खारिज कर देने से पूरा मामला संदेह के दायरे में आ गया है। दुबे ने लिखा कि यह ब्रांड जहरीली है, जबकि प्रदेश के ज्यादातर जिलों में इसी ब्रांड की सप्लाई हैं।

---

## वेस्ट-टू-एनर्जी, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और ग्रीन मोबिलिटी में निवेश और तकनीकी साझेदारी पर हुई चर्चा

# ग्रुप सीईओ खालिद अल हुरैमल के साथ वेस्ट-टू एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी पर हुई उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित तीन दिवसीय प्रतिष्ठित 'एआईएम कांग्रेस-2026' के तीसरे दिन 8 सितंबर को शारजाह स्थित बी-आह मुख्यालय का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने बी-आह फैसेलिटी के ग्रुप सीईओ एवं वाइस-चेयरमैन खालिद अल हुरैमल के साथ एक उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी विकास, सर्कुलर इकोनॉमी और अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट समाधानों को मप्र में लागू करने को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी प्रकार के इंडस्ट्रियल वेस्ट, सीवेज वेस्ट, वेस्ट रिप्रोसेसिंग और इनर्ट मटेरियल के डिस्पोजल संबंधी ट्रीटमेंट सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि यहां विश्व की सर्वाधिक उन्नत तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है।

**खास बातें**

- जीआईएस-2027 में शामिल होने के लिए दिया आमंत्रण
- विश्व की सर्वाधिक उन्नत तकनीकी का हो रहा उपयोग



### बीईईएच का प्रतिष्ठित मुख्यालय इस सोच का जीवंत उदाहरण

बीईईएच का प्रतिष्ठित मुख्यालय इस सोच का जीवंत उदाहरण है। प्रसिद्ध वास्तुकार जाहा हदीद की ओर से डिजाइन किया गया यह भवन दुनिया की अत्याधुनिक सस्टेनेबल और एआई-सक्षम इमारतों में शामिल है। भवन की डिजाइन, तकनीक और ऊर्जा दक्षता इसे भविष्य के स्मार्ट एवं पर्यावरण-अनुकूल शहरों के लिए एक प्रभावी मॉडल बनाती है। रणनीतिक साझेदारियों और नवाचार आधारित परियोजनाओं के माध्यम से बी-आह स्मार्ट और सस्टेनेबल शहरों के विकास को नई दिशा दे रहा है। पर्यावरणीय उत्कृष्टता, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सर्कुलर इकोनॉमी के क्षेत्र में इसके प्रयासों ने शारजाह को क्षेत्रीय स्तर पर ग्रीन इनोवेशन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है।

### मप्र में वेस्ट-टू-एनर्जी और ग्रीन मोबिलिटी में निवेश की संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा के दौरान बी-आह ग्रुप को मप्र के नगर निगमों में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट तथा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं में निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप के लिए आमंत्रित किया।



उन्होंने कहा कि मप्र स्वच्छ ऊर्जा और सस्टेनेबल अर्बन डेवलपमेंट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीईएएच की डिजिटल, एआई-सक्षम और सर्कुलर इकोनॉमी क्षमताएं मप्र के स्मार्ट सिटी विजन और क्लीन एनर्जी मिशन के बिल्कुल अनुकूल हैं।

#### इंदौर के स्वच्छता मॉडल के साथ वैश्विक तालमेल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए बताया कि इंदौर ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और बायो-सीएनजी के क्षेत्र में देश और दुनिया के समक्ष एक अनुकरणीय मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने बी आह को इंदौर के स्थापित मॉडल के साथ जुड़कर नए आधुनिक समाधानों पर मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया।

#### जीआईएस-2027 के लिए दिया आमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बी आह के ग्रुप के सीईओ खालिद अल हुरैमल को अगले साल भोपाल में आयोजित होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027' में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि बी आह ग्रुप अपनी आगामी वैश्विक विस्तार योजनाओं में मध्यप्रदेश को एक प्रमुख और प्राथमिकता वाले गंतव्य (डेस्टिनेशन) के रूप में शामिल करे।

### [ एनर्जी-टेक्नोलॉजी में नवाचार ]

## प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में मदद मिलेगी



सीएम ने 'एआईएम कांग्रेस-2026' के तीसरे दिन यूएई के प्रमुख निवेशकों और उद्यमियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग की। सीएम ने यूएई के बिजनेस-फिलैंथ्रॉपी के लिए स्पेशल एनवॉय और क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के बद्र जाफर, डीपी वर्ल्ड के सीईओ रिजवान सूमार से चर्चा कर जीआईएस के लिए आमंत्रित किया। सीएम ने राणा होल्डिंग्स के एमडी डॉ. दर्शन सिंह राणा, जेम्स एजुकेशन के चेयरमैन-फाउंडर सनी वर्की, ब्यूमर्क के चेयरमैन वीएफएस ग्लोबल के अमित साइचर तथा सुपरमार्केट, वितरण और विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख 'चोइथराम' के अध्यक्ष एलटी पगरानी से विस्तृत चर्चा की।

#### उद्यमशीलता को राज्य सरकार कर रही है प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा के दौरान क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बद्र जाफर को प्रदेश के प्रमुख उत्पादन क्लस्टर्स के लिए वेयर हाऊसिंग, लॉजिस्टिक्स आदि के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया। तकनीक आधारित उद्यमशीलता और स्टार्टअप के क्षेत्र में निवेश को राज्य सरकार निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीपी वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिजवान सूमार के साथ चर्चा में लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन सहित कई विषयों पर बातचीत की।

#### ब्यूमर्क कॉर्पोरेशन प्रदेश में निवेश का इच्छुक

सीएम ने ब्यूमर्क कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और सीईओ सिद्धार्थ बालाचंद्रन से वन-टू-वन मीटिंग की। बालाचंद्रन ने इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ केयर, टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी सहित कई सेक्टर में निवेश की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने शराफ ग्रुप के प्रेसिडेंट-सीईओ श्याम कपूर से मुलाकात की। दोनों के बीच शिपिंग-लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मप्र में रेल-साइडिंग युक्त लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

---

### वरिष्ठ नेताओं ने किया बैठक को संबोधित

## वडनगर से वाराणसी जाने वाली यात्रा को मप्र में ऐतिहासिक बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संकुल संयोजक विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत युवा मोर्चा द्वारा निकाली जाने वाली सेवा संकल्प यात्रा को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सब कार्यकर्ता सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व मिला है। प्रधानमंत्री जैसा नेतृत्व सदियों में मिलता है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले आयोजन को युवा मोर्चा बेहतर ढंग से संपन्न कर एक आदर्श स्थापित करें। उन्होने कहा कि गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक यात्रा निकाली जाएगी। दूसरी यात्रा वाराणसी से वडनगर के लिए निकाली जाएगी। वडनगर में हाटकेश्वर मंदिर तालाब से जल लेकर यात्रा रवाना होगी और वाराणसी में भगवान काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक करेगी। इसी तरह वाराणसी से पवित्र गंगाजल लेकर निकलने वाली यात्रा वडनगर पहुंचकर हाटकेश्वर महादेव का अभिषेक करेगी। वडनगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म से जुड़ा स्थान है, जबकि वाराणसी प्रधानमंत्री की कर्मस्थली है।



#### प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना होगा : विष्णुदत्त

भाजपा के राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संकुल संयोजक वीडी शर्मा ने कहा कि पीएम के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हो रहा सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री के दिल से जुड़ा अभियान है, इसमें सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण का भाव शामिल है। प्रदेश के कई हिस्सों से यात्रा निकलेगी इस दौरान केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम यात्रा को बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना होगा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने सेवा संकल्प अभियान के स्वरूप और उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक यात्रा या बाइक रैली तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद का व्यापक अभियान है।

#### 16 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होगी यात्रा

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने यात्रा को लेकर मोर्चा की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि यात्रा का हर पड़ाव सेवा, संवाद और सामाजिक सहभागिता का केंद्र बन सके। जल, जन, सेवा संकल्प यात्रा 16 सितंबर से 7 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में निकाली जाएगी।

---

# मासूम को लगाया एक्सपायर्ड इंजेक्शन अस्पताल की फार्मेसी 15 दिनों के लिए सील

## जांच टीम को 3 और एक्सपायर्ड इंजेक्शन वायल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

जिले के सिद्धार्थ अस्पताल में साढ़े तीन वर्ष के बच्चे को एक्सपायर्ड इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने अस्पताल की फार्मेसी को 15 दिन के लिए सील कर दिया है। बच्चे के पिता ने कलेक्टर से इसकी शिकायत की थी। जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को अस्पताल की फार्मेसी में उसी बैच के तीन और एक्सपायर्ड इंजेक्शन वायल बरामद हुए हैं। फार्मेसी संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

सरगुजा जिले के नगर पंचायत लखनपुर निवासी शम्स खान ने अपने बेटे उमैर खान को सिद्धार्थ अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल के डॉ. वैभव जायसवाल ने बच्चे के इलाज के लिए एमिकेसिन 250 एमजी का इंजेक्शन लिखा था। पिता ने यह इंजेक्शन अस्पताल परिसर स्थित फार्मेसी से खरीदा और बच्चे को लगवा दिया। अगले दिन जब पिता ने खाली शीशी की जांच की, तो उस पर बैच नंबर एल-24ई-5बी, निर्माण तिथि 05-2024 और एक्सपायरी तिथि 04-2026 अंकित पाई गई। एक्सपायर्ड इंजेक्शन की जानकारी मिलते ही पिता ने कलेक्टर से लिखित शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की।



### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच का जिम्मा

कलेक्टर अजीत वसंत ने तत्काल सरगुजा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को को जांच का जिम्मा सौंपा। सीएमएचओ के निर्देश पर नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. पीके सिन्हा और ड्रग इंस्पेक्टर अनिल पैकरा की टीम अस्पताल पहुंची। टीम ने फार्मेसी में रखी दवाओं के स्टॉक की पड़ताल की, तो उसी बैच के तीन और एक्सपायर्ड इंजेक्शन वायल पाए गए, जिसका इंजेक्शन बच्चे को लगाया गया था। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर अनिल पैकरा ने फार्मेसी को सील कर दिया और संचालक से स्पष्टीकरण मांगा है। पूरे प्रकरण में तीन स्तरों पर भारी लापरवाही सामने आई है। जब डॉक्टर ने पर्ची लिखी तो फार्मासिस्ट ने बिना जांच किए एक्सपायर्ड दवा बेच दी। दूसरी चूक बच्चे के पिता से हुई, जिन्होंने दवा खरीदते समय उसकी वैधता तिथि नहीं देखी।

---

# किशोर की छेड़छाड़ और धमकियों से परेशान आकर नाबालिग छात्रा ने खाया जहर, मौत

## पूर्व में शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय कॉलेज छात्रा की विषैला पदार्थ खाने के बाद मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन दिन तक उपचार के बाद छात्रा ने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों ने गांव के ही 17 वर्षीय नाबालिग किशोर पर लंबे समय से छात्रा को परेशान और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। स्वजनों का कहना है कि किशोर रास्ते में छात्रा का पीछा करता था और उस पर मिलने के लिए दबाव बनाता था। परिजनों के अनुसार इसी प्रताड़ना और छेड़छाड़ से परेशान होकर छात्रा ने यह कदम उठाया।




परिजनों ने बताया कि मृतका पढ़ाई में काफी अच्छी थी। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी मां के साथ रहती थी, जबकि उसके दो भाई रोजगार के सिलसिले में गांव से बाहर रहते हैं। परिजनों ने बताया कि छात्रा जब भी घर से कॉलेज जाने के लिए निकलती थी, आरोपी किशोर रास्ते में उसका पीछा करता था। आरोप है कि वह छात्रा को बीच रास्ते में रोककर मिलने के लिए दबाव बनाता था। परिवार का यह भी आरोप है कि किशोर छात्रा की मां और भाइयों के नाम सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी करने की धमकी दिया करता था। किशोर की हरकतों से परेशान होकर उन्होंने उसे बुलाकर समझाने का प्रयास भी किया था लेकिन उसकी हरकतों में सुधार नहीं आया।

लगातार मानसिक तनाव और परेशानी के चलते छात्रा ने 3 सितंबर को जहरीली पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रैफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में छात्रा का तीन दिन तक उपचार चला लेकिन हालत में सुधार नहीं होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि किशोर द्वारा उसे परेशान किए जाने की जानकारी पुलिस को पहले ही मौखिक रूप से दी गई थी। इसके बावजूद मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए।

---

## जांच में 200 से अधिक टावर डंप, सीडीआर, आईपीडीआर, जीपीएस और सीसीटीवी फुटेज का किया विश्लेषण

# दो माह की मशक्कत के बाद अमित भंडारी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम कोसा में करीब दो महीने से पुलिस के लिए पहेली बने अमित भंडारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग मुख्य वजह सामने आई है। मामले में एक महिला समेत तीन आरोपियों बजरंग सिंह क्षत्रिय, पप्पू सिंह क्षत्रिय और संतोषी सिंह क्षत्रिय को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए आधुनिक तकनीक के साथ फॉरेंसिक जांच का सहारा लिया। जांच में 200 से अधिक टावर डंप, सीडीआर, आईपीडीआर, जीपीएस और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। इसके अलावा घटना का री-क्रिएशन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का पुनर्विश्लेषण और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं की भी मदद ली गई। बिलासपुर से आई प्रशिक्षित ट्रैकर डॉग विमला की भूमिका भी जांच में अहम रही।

### आधी रात युवक पहुंचा था युवती से मिलने

पुलिस के मुताबिक मृतक अमित भंडारी का गांव की ही संतोषी सिंह से पहले से प्रेम प्रसंग था। शादी के बाद भी दोनों के बीच बातचीत जारी थी। घटना वाली रात भी दोनों के बीच करीब रात 1:30 बजे तक फोन पर बातचीत हुई। इसके बाद करीब 2:30 बजे अमित संतोषी से मिलने उसके घर के पीछे पहुंचा। इसी दौरान संतोषी का भाई बजरंग सिंह टेंट का काम खत्म कर घर लौटा। घर के पीछे कुछ आवाज सुनकर वह वहां पहुंचा और अपनी बहन के साथ अमित को देखकर विवाद करने लगा। पुलिस के अनुसार विवाद के दौरान दोनों के बीच मारपीट हुई। इसी दौरान अमित का सिर पीछे की दीवार से टकराया, जिससे वहां खून के निशान मिले।




इसके बाद अमित जान बचाने के लिए दीवार फांदकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस का कहना है कि इसी दौरान बजरंग सिंह ने पास पड़े छोटे फावड़े/रापा से अमित के सिर और छाती पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से अमित की मौत हो गई।

### शव को घर के पीछे झाड़ी में छिपा दिया

हत्या के बाद बजरंग ने अमित के शव को घर के पीछे बाड़ी में झुरमुट के नीचे छिपा दिया। पुलिस के अनुसार उसी रात गांव में चोरी की सूचना के कारण डायल-112 की टीम भी मौजूद थी और बड़ी संख्या में लोगों के जागे होने की वजह से आरोपी शव को तत्काल दूसरी जगह नहीं ले जा सके। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार संतोषी ने पूरी घटना देखी और शव छिपाने में बजरंग की मदद की। अगले दिन बजरंग के बड़े भाई पप्पू सिंह के गांव लौटने पर उसे घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद दोनों ने अमित को तलाशने का नाटक किया और उसके परिजनों के साथ मुलमुला थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने में भी शामिल हुए।

### सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से की गई जांच

पुलिस के मुताबिक 28 जून की मध्यरात्रि करीब 12 बजे मौका देखकर दोनों ने अमित के शव को गांव के बीच स्थित एक दूसरे स्थान पर पहुंचाकर रख दिया, ताकि हत्या का शक उन पर न जाए। अगले दिन 29 जून को शव बरामद होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्धों के मोबाइल की लोकेशन, सीडीआर, आईपीडीआर, जीपीएस और सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान संदिग्धों के बयानों में लगातार बदलाव सामने आया। जांच में बिलासपुर से आई प्रशिक्षित ट्रैकर डॉग विमला की मदद भी ली गई।

तकनीकी साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और अन्य परीक्षणों के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों से दोबारा पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में तीनों ने घटना में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल छोटा फावड़ा/रापा और शव को दूसरी जगह ले जाने में इस्तेमाल की गई लोहे की छोटी सीढ़ी बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

# एआई शोधकर्ता ने 'सुपरइंटेलिजेंस' की दौड़ पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक के कृत्रिम मेधा (एआई) शोधकर्ता जैकब कॉक्सन ने बुधवार को इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियां'सुपरइंटेलिजेंस' विकसित करने की बेकाबू दौड़ में गैर-जिम्मेदाराना तरीके से आगे बढ़ रही हैं और 'हमारी जिंदगियों से जुआ खेल रही हैं।' पिछले तीन वर्षों में एंथ्रोपिक के अलावा ओपनएआई के साथ भी 'प्रशिक्षण-पूर्व' एआई के शोध से जुड़े रहे कॉक्सन ने कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एआई के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना आगे बढ़ रही है।

- कहा, बेकाबू सुपरइंटेलिजेंस की दौड़ हमारी जिंदगी से जुआ खेल रही

### मानव से अधिक सक्षम एआई सिस्टम की ओर बढ़ रहे

जैकब ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में चेतावनी दी कि प्रौद्योगिकी तेजी से ऐसे 'मानव से अधिक सक्षम एआई सिस्टम' की ओर बढ़ रही है, जो किसी भी प्रणाली में सेंध लगा सकते हैं, किसी भी क्षेत्र में रातोंरात क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं और वास्तविक शक्ति एवं संसाधन हासिल कर सकते हैं।

## दिग्गज शोधकर्ता जैकब ने एंथ्रोपिक से इस्तीफे की घोषणा की

### कोई भी कंपनी जिम्मेदारी से काम नहीं कर रही

शोधकर्ता ने कहा कि इंसान की किसी अन्य गतिविधि से इस स्तर का खतरा पैदा नहीं होता है। कॉक्सन ने कहा, ''मैंने आज एंथ्रोपिक से इस्तीफा दे दिया। पिछले तीन वर्षों में मैंने ओपनएआई और एंथ्रोपिक दोनों में प्रशिक्षण-पूर्व शोध किया। कोई भी कंपनी जिम्मेदारी से काम नहीं कर रही है। वे सीधे खुद को बेहतर बनाने वाली सुपरइंटेलिजेंस की ओर दौड़ रही हैं और हमारी जिंदगियों से जुआ खेल रही हैं।''






**एंथ्रोपिक दौड़ में सबसे पहले पहुंचने की कोशिश कर रही :** जैकब ने कहा, ''ओपनएआई में कई लोगों ने इससे मानव सभ्यता के लिए पैदा होने वाले गंभीर जोखिमों को गहराई से नहीं समझा है। वहीं, एंथ्रोपिक में जोखिमों को अच्छी तरह समझा जाता है, लेकिन कंपनी इस दौड़ में सबसे पहले पहुंचने की कोशिश कर रही है। एंथ्रोपिक का मानना है कि कोई और जिम्मेदारी से काम नहीं करेगा, लिहाजा जोखिम के बावजूद उसे खुद ही यह काम करना होगा।''

### दशक के अंत तक एआई से विनाशकारी नुकसान संभव

*कॉक्सन ने कहा कि इस दौड़ को स्वीकार करना और इसके 'अंतिम चरण' में कदम रखना एक अहंकारपूर्ण जोखिम है, जिसे किसी निजी कंपनी के आंतरिक संचार मंच से शुरू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई क्षेत्र में काम करने वाले कई लोग गंभीरता से मानते हैं कि दशक के अंत तक एआई से विनाशकारी नुकसान हो सकता है।*

### कॉक्सन बोले- कई अनियंत्रित एआई से अस्तित्व का खतरा

*कॉक्सन ने दावा किया कि कंपनी के अधिकारी और शोधकर्ता सार्वजनिक रूप से अक्सर संतुलित भाषा में बोलते हैं, लेकिन निजी तौर पर उनमें से कई अनियंत्रित एआई से अस्तित्व के लिए पैदा होने वाले खतरों को लेकर गहरी चिंता रखते हैं। उन्होंने 'हगिंग फेस' मंच में हाल में हुई सेंधमारी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रमुख अमेरिकी एआई प्रयोगशालाओं के बीच एआई विकास की गति को लेकर समझौते की तत्काल जरूरत है।*

### अभी सुपरइंटेलिजेंट की कार्यप्रणाली पूरी तरह नहीं समझते

*जैकब ने एआई क्षेत्र में काम कर रहे अपने सहयोगियों से उनकी भूमिका पर पुनर्विचार करने का आग्रह भी किया। कॉक्सन ने शोधकर्ताओं से पूछा कि क्या वे ऐसी सुपरइंटेलिजेंट प्रणाली के विकास की प्रक्रिया शुरू करना चाहेंगे, जिसकी कार्यप्रणाली को वे अभी पूरी तरह नहीं समझते। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं को केवल यह सोचकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए कि 'यह तो होना ही है।*

## खबर संक्षेप

### सिम्फनी एसी, बीएलडीसी पंखा खंड में रखेगी कदम



**नई दिल्ली।** एयर कूलर बनाने वाली प्रमुख कंपनी सिम्फनी घरेलू बाजार में रूम एयर-कंडीशनर खंड में प्रवेश करेगी। कंपनी बीएलडीसी सीलिंग पंखे और एयर प्यूरीफायर के कारोबार में भी चरणबद्ध तरीके से उतरेगी। उसके नए उत्पाद दिसंबर तिमाही से चुनिंदा श्रेणियों, बाजारों और बिक्री चैनलों के जरिए पेश किए जाएंगे।

### चार्जजोन को ईवी चार्जिंग ढांचे के लिए मिले अनुबंध



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग नेटवर्क कंपनी चार्जजोन ने कहा कि उसने ईवी चार्जिंग ढांचे के लिए एक अरब डॉलर (लगभग 10,500 करोड़ रुपये) से अधिक के दीर्घकालिक अनुबंध हासिल किए हैं। ये अनुबंध शहरी परिवहन की इलेक्ट्रिक बस, ट्रक और वाणिज्यिक कार बेड़ों के लिए हैं।

### जिंदल सुप्रीम का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा

JINDAL

**नई दिल्ली।** जिंदल सुप्रीम (इंडिया) लिमिटेड ने अपने 125 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 88-93 रुपये प्रति शेयर तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ बोली के लिए 16 सितंबर को खुलेगा और 18 सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 15 सितंबर को बोली लगा सकेंगे।

### आर्सिल ने बड़े निवेशकों से जुटाए 220 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल ने आईपीओ से पहले बड़े (एंकर) निवेशकों से 220 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी का आईपीओ बुधवार को अभिदान के लिए खुल गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बड़े निवेशकों को 139 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.58 करोड़ शेयर आवंटित किए गए।

### अमेजन इंडिया के विक्रेताओं की कुल संख्या 20 लाख हुई




नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने कहा कि उसके विक्रेता आधार (विक्रेताओं की संख्या) ने 20 लाख का आंकड़ा छू लिया है, जो पिछले तीन साल में सालाना आधार पर सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। कंपनी ने इस बढ़ोतरी का श्रेय 1,000 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों पर शून्य रेफरल शुल्क लागू करने और विक्रेता साझेदारों द्वारा एआई उपकरण के ज्यादा इस्तेमाल को दिया है। कंपनी ने अपने पूरे भारत के परिचालन नेटवर्क में 1.6 लाख से ज्यादा मौसमी नौकरियों के मौके पैदा किए हैं।

## एफपीसीई ने राज्यों पर कानून ठीक से लागू नहीं करने का लगाया आरोप

# रेरा कानून ठीक से लागू न होने से 27.6 लाख घर खरीदारों की रकम फंसी : एफपीसीई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घर खरीदारों के संगठन एफपीसीई ने रियल एस्टेट क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले रेरा कानून को राज्यों में ठीक से लागू नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि देशभर में करीब 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजनाओं में देरी के कारण फंसे हुए हैं।

'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीई) ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा), 2016 के लागू होने के 10 साल पूरे होने पर जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में नियामकीय नाकामी से घर खरीदारों को हो रहे नुकसान का उल्लेख किया गया है।

- 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजना में देरी के कारण फंसे है
- रेरा 2016 में लागू हुआ, 10 साल पूरे होने पर रिपोर्ट हुई जारी
- नियामकीय नाकामी से घर खरीदारों को हो रहे नुकसान का उल्लेख



### रेरा के क्रियान्वयन में कमी रही है

एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा, ''रेरा एक कानून के रूप में विफल नहीं हुआ है, इसके क्रियान्वयन में कमी रही है। और जब क्रियान्वयन कमजोर पड़ता है, तो मजबूत से मजबूत कानून भी व्यवहार में विफल हो जाता है।

**बिल्डर को परियोजना की सभी जानकारी देनी होती है :** रेरा कानून के तहत बिल्डर को परियोजना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां और मंजूरियां सार्वजनिक करनी होती हैं। उन्हें घर खरीदारों से प्राप्त राशि का 70 प्रतिशत अलग बैंक खाते में जमा करना भी आवश्यक है, जिसका इस्तेमाल केवल जमीन की लागत और परियोजना के निर्माण के लिए किया जा सकता है।

**प्रति परिवार 45 लाख रुपए की राशि फंसी हुई :** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के 'रेरा ट्रैकर' के दो मार्च, 2026 के आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि करीब 27.6 लाख घर खरीदार परिवारों की रकम बिल्डरों के पास फंसी हुई है।

### सुधार की तत्काल जरूरत

उपाध्याय ने कहा कि रिपोर्ट का उद्देश्य रेरा कानून के क्रियान्वयन में सुधार करना तथा उस अनुशासन और जवाबदेही को बहाल करना है, जिसके साथ कानून बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''घर खरीदारों के लिए यह नियामकीय व्यवस्था का विषय न होकर उनकी जीवन भर की बचत, आवास और सुरक्षा से जुड़ा मामला है। और इसमें सुधार की तत्काल जरूरत है।''

### निर्धारित शर्तों की समुचित जांच नहीं की जा रही

*एफपीसीई ने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्ष कई राज्यों में रेरा प्राधिकरणों के आधिकारिक रिकॉर्ड, परियोजनाओं की समयसीमा बढ़ाने संबंधी आदेश, नियामकीय दाखिलों और दर्ज फैसलों के आधार पर तैयार किए गए हैं। संगठन ने रेरा के क्रियान्वयन में कई खामियों का जिक्र करते हुए कहा कि परियोजनाओं की समयसीमा बढ़ाने की अनुमति देते समय कानून में निर्धारित शर्तों की समुचित जांच नहीं की जा रही है।*

### देरी को दूर करने नियमित किया जा रहा

*परियोजनाओं में देरी को दूर करने के बजाय उसे नियमित किया जा रहा है और प्रवर्तन की जगह प्रशासनिक रियायत ने ले ली है। उपाध्याय ने कहा, ''नियामकीय प्रक्रिया निवारक की भूमिका निभाने के बजाय ऐसी व्यवस्था बन गई है, जिसके जरिये देरी को संस्थागत रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी विलंबित आवासीय परियोजनाओं से जुड़े कई मामलों में नियामकीय प्रणाली के कामकाज पर गंभीर टिप्पणियां की हैं।*

# घरेलू बाजार में चीनी हुई सस्ती : इस्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अब भी आयात फायदेमंद
- वैश्विक स्तर पर चीनी में आई तेजी

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अध्यक्ष नीरज शिरगांवकर ने बुधवार को कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में नरमी आने के बावजूद इसका आयात करना अभी भी फायदेमंद है। उनका यह बयान वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतों में हाल में आई तेजी के बीच आया है।

भारत ने पिछले महीने त्योहारी मौसम से पहले घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए 10 लाख टन चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। घरेलू कीमतों में गिरावट के बावजूद आयात अभी भी फायदेमंद है। दो सप्ताह पहले चीनी की मिल स्तर वाली कीमतें 65-67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर थीं, जो अब घटकर 43-44 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई हैं। उन्होंने कहा कि खुदरा कीमतों पर इसका असर दिखने में अभी एक-दो सप्ताह और लगेंगे। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए

### जमाखोरी रोकने स्टॉक नियम किए गए सख्त

आयात की अनुमति देने के अलावा सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए थोक खरीदारों और डीलरों के लिए चीनी का स्टॉक रखने के नियम भी सख्त किए हैं। चीनी उत्पादकों के संगठन इस्मा ने कहा कि उसने सरकार को मिलों के जल्द पेराई शुरू करने पर आने वाली परिचालन संबंधी चुनौतियों के बारे में बताया है।

उठाए गए कदमों के तहत सरकार ने पिछले महीने 10 लाख टन चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी।

### उद्योग अगले साल के लिए उम्मीद बनाए हुए

शिरगांवकर ने कहा, ''हमने सरकार को उन मुश्किलों के बारे में बता दिया है, जिनका सामना मिलों को जल्दी पेराई शुरू करने में करना पड़ सकता है। इस बारे में सरकार के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग अगले साल के उत्पादन और एथनॉल आवंटन को लेकर उम्मीद बनाए हुए है।

# सोने की कीमतों में तीसरे दिन आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 100 रुपए टूटकर 1,58,000 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 2,300 रुपए चढ़कर 2,43,400 रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को कम मांग के कारण सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 100 रुपये टूटकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी ने इस रुख के उलट प्रदर्शन किया और लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। यह मंगलवार के 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 2,300 रुपये बढ़कर 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक -जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही है क्योंकि निवेशक इस सप्ताह के आखिर में आने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी महंगाई आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच लगातार महंगाई को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं। गांधी ने कहा, ''ऊर्जा की अधिक लागत महंगाई के दबाव को बढ़ा सकती है और इस संभावना को मजबूत कर सकती है कि ब्याज दरें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिससे सर्राफा में बढ़त सीमित हो सकती है।

## टाटा पावर ने छतों पर लगाई पांच लाख सौर प्रणाली ...




**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. की इकाई टाटा पावर सोलररूफ ने देशभर में छतों पर पांच लाख से अधिक सौर प्रणाली लगायी है। इसके साथ ही देश में 8,500 करोड़ रुपये से अधिक के सौर वित्तपोषण की सुविधा उपलब्ध कराई है। कंपनी ने कहा कि उसने छतों पर 31 जुलाई, 2026 तक 5,19,673 सौर प्रणाली की स्थापना की है। यह ''रूफटॉप'' सौर बाजार में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। कंपनी का 2029 तक 30 लाख सौर प्रणाली लगाने का लक्ष्य है। बयान में कहा गया कि टाटा पावर सोलररूफ ने 25 से अधिक वित्तपोषण भागीदारों के नेटवर्क के जरिये अब तक 8,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध कराई है।

# पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल पर 5 और डीजल पर 23 रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब पांच रुपये और डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कच्चे तेल की कीमत जुलाई के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले 23 जुलाई को इसकी कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थी।अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 2.5 प्रतिशत बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई है, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल करीब दो प्रतिशत बढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया। यह तेजी अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव तथा एक-दूसरे के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के बाद आई है।दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत पर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर पड़ता है।

### भारत को कच्चा तेल 109 डॉलर प्रति बैरल पड़ रहा

इक्रा लिमिटेड के कॉरपोरेट रेटिंग्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण बुधवार को ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई और भारतीय कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 109 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

# एक ही दिन में खुले छह आईपीओ तीन को मिला पूर्ण अभिदान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- रेंटोमोजो, करमतारा और एलसीसी को मिला पूर्ण अभिदान
- स्टीमहाउस को 42 प्रतिशत व आर्सिल को 38 प्रतिशत अभिदान मिला

स्थानीय शेयर बाजार में निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी के बीच बुधवार को एक ही दिन में छह कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुले।

इस बीच रेंटोमोजो, करमतारा इंजीनियरिंग और एलसीसी प्रोजेक्ट्स के आईपीओ को पहले ही दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, स्टीमहाउस इंडिया के आईपीओ को 42 प्रतिशत और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल के आईपीओ को 38 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस के आईपीओ को सबसे कमजोर प्रतिक्रिया मिली और इसे 17 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शंस के 351 करोड़ रुपये के आईपीओ को अंतिम दिन 121 गुना अभिदान मिला। कंपनी को आईपीओ के तहत पेश 2.24 करोड़ शेयर के मुकाबले 272 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं। यह आईपीओ सात सितंबर को खुला और नौ सितंबर बंद हुआ था।

### आर्सिल को 1.4 करोड़ के लिए मिली बोलियां

आर्सिल के आईपीओ के तहत पेश 3.7 करोड़ शेयर के मुकाबले 1.4 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं और इसे 38 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। कंपनी ने अपने 733 करोड़ रुपये के आईपीओ का मूल्य दायरा 132-139 रुपये प्रति शेयर तय किया है। मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस के आईपीओ को 1.3 करोड़ शेयर के मुकाबले 21.91 लाख शेयर के लिए बोलियां मिलीं।

### स्टीमहाउस को 1.57 करोड़ बोलियां मिली

औद्योगिक गैस उत्पादक कंपनी स्टीमहाउस इंडिया के आईपीओ के तहत पेश 3.76 करोड़ शेयर के मुकाबले 1.57 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं। कंपनी इस आईपीओ के जरिये 414 करोड़ रुपये जुटाएगी। इसमें 353 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 61 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

# हुंडई पेश करेगी स्थानीय स्तर पर विकसित इलेक्ट्रिक एसयूवी

- नया ईवी कंपनी के तैयार किए मंच पर होगा आधारित
- मौजूदा फोलियो में 'आयोनिक-5' और 'क्रेटा इलेक्ट्रिक' शामिल हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) जल्द ही स्थानीय स्तर पर विकसित एक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि यह नया इलेक्ट्रिक वाहन विशेष रूप से ईवी के लिए तैयार किए गए मंच पर आधारित होगा। एचएमआईएल के मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पोर्टफोलियो में 'आयोनिक-5' और 'क्रेटा इलेक्ट्रिक' शामिल हैं।

***10 हजार से अधिक बिक्री कर्मचारी प्रशिक्षित :*** *हुंडई ने अबतक 10,000 से अधिक बिक्री कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़ी सेवाओं के लिए प्रशिक्षित किया है। एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी चार्जिंग नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहन अनुकूल बिक्री और सेवा केंद्रों के विस्तार, विशेष बुनियादी ढांचे में निवेश तथा डीलर टीम के प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की प्रक्रिया को आसान, भरोसेमंद और बेहतर बनाने का लक्ष्य रखती है।*

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में एक और पायदान नीचे आए अंबानी

# एक झटके में डूबे मुकेश अंबानी के 20,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अंबानी 86 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ 24वें स्थान पर

दुनिया के अरबपतियों में मुकेश अंबानी का रुतबा लगातार कम हो रहा है। बुधवार को उन्हें 2.11 अरब डॉलर यानी करीब 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का झटका लगा।

इस नुकसान की वजह से ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में वह एक पायदान और नीचे आ गए हैं। अब अंबानी 86 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ 24वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर एलन मस्क पर मंगलवार को डॉलर की इतनी बारिश हुई कि अब वह खरबपति बनने के और नजदीक आ गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी कभी एशिया के सबसे बड़े रईस व्यक्ति थे। इनकी संपत्ति 100 अरब डॉलर के पार थी। अडाणी एशिया के दूसरे नंबर के अमीर थे। अब मुकेश अंबानी चीन के झांग यिमिंग के बाद हैं। यानी एशिया में अंबानी का स्थान तीसरा है।

### सूची में अमेरिकियों का दबदबा

दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की इस लिस्ट में वैसे तो अमेरिकियों का ही दबदबा है, लेकिन इसमें एक मात्र अरबपति फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक इस साल अर्नाल्ट अब तक 58.7 अरब डॉलर गंवा कर 10वें स्थान पर हैं। कभी एलन मस्क को दुनिया के सबसे रईस की कुर्सी से उतारने वाले अर्नाल्ट क्या टॉप-10 में अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे?



टाप दस में एक मात्र अर्नाल्ट फ्रांस से : क्या ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट पर पूरी तरह अमेरिकियों का कब्जा हो जाएगा? अर्नाल्ट का नेटवर्थ गिरा और वॉरेन बफेट का बढ़ा तो टॉप-10 पर एकछत्र राज अमेरिकियों का हो जाएगा। बफेट अभी 144 अरब डॉलर के साथ 11वें पायदान पर हैं।

### मस्क खरबपति बनने से चंद कदम दूर

स्पेसएक्स और टेस्ला के शेयरों में मंगलवार को आए बंपर उछाल की बदौलत दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की दौलत में 34.1 अरब डॉलर से अधिक का इजाफा हुआ और अब वह खरबपति बनने से केवल 62 अरब डॉलर दूर हैं। मस्क ने एक ही दिन में 3.20 लाख करोड़ रुपए से अधिक कमा लिए। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनका नेटवर्थ 938 अरब डॉलर हो गया है।

### इस साल अंबानी 21.7 अरब डॉलर गंवा चुके

इस साल अंबानी 21.7 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। जबकि, झांग ने 27.7 अरब डॉलर अपने नेटवर्थ में जोड़ा है। अब दुनिया के अमीरों की लिस्ट में वह 92.8 अरब डॉलर के साथ 24वें स्थान पर हैं। गौतम अडाणी अभी एशिया के नंबर वन रईस हैं। इनकी संपत्ति 109 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अडाणी 18वें स्थान पर हैं। इस साल इनके नेटवर्थ में 24.1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

## 24 एवं 25 अक्टूबर को भेड़ाघाट में आयोजित होगा दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव

# नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण मंत्री की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में शरद पूर्णिमा पर भेड़ाघाट में इस वर्ष आयोजित किये जाने वाले नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव के लिए कलाकारों के चयन, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।बैठक में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी 'इंदू', जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर परिषद अध्यक्ष भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शरद पूर्णिमा पर 24 एवं 25 अक्टूबर को भेड़ाघाट में आयोजित किये




जाने वाले नर्मदा महोत्सव की रूपरेखा पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि महोत्सव में भजन, सूफी, शास्त्रीय एवं सेमी-क्लासिकल संगीत को प्राथमिकता दी जाए और कलाकारों को कार्यक्रम की प्रकृति के बारे में पहले से जानकारी दी जाए।लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने बैठक में भेड़ाघाट की मूल पहचान और प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए आयोजन स्थल की विद्युत से साज-सज्जा में केवल सफेद अथवा ऑफ-व्हाइट रंग का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाश व्यवस्था इस प्रकार की जाए कि संगमरमर की चट्टानों की प्राकृतिक सुंदरता दिखाई दे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिटी बसों, पार्कों, प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं होटलों में प्रचार सामग्री लगाने, महोत्सव के दौरान फूड फेस्टिवल, स्थानीय व्यंजनों तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल करने के सुझाव दिए गए। स्कूली विद्यार्थियों को पेंटिंग, रंगोली एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। मंत्री श्री सिंह ने 15 दिन पहले से महोत्सव का प्रचार- प्रसार करने के निर्देश देते हुए महोत्सव में आने वाले आमजनों के लिए शहर से जाने वाली बसों के स्थान तय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पर्यटकों और दर्शकों की सुविधा के लिए शटल वाहनों की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल, धुआंधार, मुख्य द्वार, पार्किंग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, पहुंच मार्ग की मरम्मत, गोताखोरों की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

# जल विद्युत इकाइयों ने अगस्त में लक्ष्य से 42 मिलियन यूनिट अधिक उत्पादन किया



**जबलपुर।** अच्छी मानसूनी बारिश का लाभ मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) की जल विद्युत इकाइयों को मिला है। कंपनी के जल विद्युत गृहों ने अगस्त में निर्धारित 339 मिलियन यूनिट के मुकाबले 380.90 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जो लक्ष्य से करीब 42 मिलियन यूनिट अधिक है। इस दौरान प्लांट उपलब्धता कारक 83.40 प्रतिशत रहा। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बताया कि तकनीकी तैयारियों, रणनीतिक योजना और बेहतर परिचालन से मानसून के दौरान उपलब्ध जल संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया गया। कंपनी की 'रेडीनेस फर्स्ट' रणनीति के तहत मशीनरी, टरबाइन, जनरेटर और सहायक प्रणालियों का आवश्यक अनुरक्षण एवं परीक्षण समय पर पूरा किया गया।

MPPGCL के प्रदेश में संचालित 10 जल विद्युत गृहों की कुल स्थापित क्षमता 915 मेगावाट है। चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त तक 963 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के विरुद्ध 983 मिलियन यूनिट उत्पादन हो चुका है। यानी इकाइयां लक्ष्य से 20 मिलियन यूनिट आगे चल रही हैं। कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने कहा कि समय पर तैयारी, तकनीकी दक्षता और परिचालन अनुशासन से जल विद्युत गृहों की विश्वसनीयता बढ़ी है। वहीं मुख्य अभियंता जल विद्युत राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उपलब्ध जल संसाधनों के अधिकतम एवं किफायती उपयोग तथा इकाइयों की तकनीकी उपलब्धता पर लगातार निगरानी की जा रही है।अगस्त के अंत तक जल विद्युत इकाइयों का प्लांट उपलब्धता फैक्टर 83.40 प्रतिशत रहा, जो मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के 83.77 प्रतिशत वार्षिक मानक के करीब है। बेहतर उपलब्धता और समयबद्ध अनुरक्षण से उत्पादन में तकनीकी व्यवधान कम करने में मदद मिली।



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** कुशवाहा समाज रामायण मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 06 सितम्बर 2026 को सिंधी गोपाल धर्मशाला, गोपाल होटल के समीप, लालमाटी, जबलपुर में हर्षोल्लास एवं हुआ। श्रद्धा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया (विधायक) व अध्यक्षता मनोज कुशवाहा, अधिवक्ता विशिष्ट अतिथि प्रमोद पटेल (पार्षद), रविन्द्र कुशवाहा, रामभजन नीलू कुशवाहा रहे।कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की विशाल शोभायात्रा निकली गई तथा प्रभूदयाल, श्यामलाल, हिन्छलाल कुशवाहा द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई, समाज के बुजुर्गो तथा प्रतिभावान, छात्र, छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक पत्रिका स्मर्निका का विमोचन किया गया, समाज के विनोद, संतोष, राकेश वर्मा, राजू कुशवाहा, सीताराम, सुनील, विजय, मुरली, का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, मंच संचालन शीला कुशवाहा व आभार प्रदर्शन डॉ. सुरेश कुमार कुशवाहा द्वारा किया गया।

# वार्ड क्रमांक 74 की मूलभूत समस्याओं को लेकर किया घेराव

**जबलपुर।** लम्बे समय से उपेक्षाओं को झेल रहे वार्ड क्रमांक 74 गुरडा में मूलभूत सुविधाओं को लेकर नगर निगम में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में पांच समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिनमें सड़क की व्यवस्था करने, नर्मदा जल की व्यवस्था करने, विद्युत व्यवस्था सूचारू रूप से संचलित करने, नाले, नालियां बनाए जाएं जिससे जल भराव ना हो सके तथा मुक्तिधाम कब्रस्तान की जमीन की व्यवस्था की जाए शामिल रही। आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समय रहते समस्या पर कार्रवाई नहीं की जाति तो वार्ड क्रमांक 74 गुरडा के लोग आंदोलन करने के लिए उग्र होंगे। जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष विवेक पटेल, आदिवासी उड़न माहासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कोल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष ताहिर खोखर, महाराजपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष पटेल, आदिवासी नेता माहासंघ के ब्रीजेंद्र जैफ अलम अंसारी मंडला अध्यक्ष ताहिर अब्बास राजू, खतेल दुर्गेश कोल शेख करीम अनीशअख्तर शेरु नया हुसैन प्रसाद विश्वाकर्म रघुवीर कुशवाहा लखन चौधरी जुम्मान शेख राजेंद्र वाल्मीकी वीरें अन्नू मोहाएमएमेड गनी जुबेर पहला जिसकर्म ऊषा कोरी ज्योति विश्वाकर्म छोटी कोल गौरी मीरा कोरी रानी कोल सुमन कोल ज्योति कुशवाहा संतोषी विनोद गीता मीरा अनिता साहू आमन रूखसना सुलताना आदि लोग अपस्थित रहे।





# रेलवे स्टेडियम में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे की मेजबानी में चल रही 37वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता-2026 में बुधवार को रेलवे स्टेडियम में पुरुष फ्रीस्टाइल के मुकाबले हुए। देशभर से आए आरपीएफ पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। 61 किग्रा में उत्तर रेलवे के ललित, 65 किग्रा में पश्चिम मध्य रेलवे के शिवमन, 70 किग्रा में रेलवे सुरक्षा विशेष बल के नवीन, 74 किग्रा में उत्तर रेलवे के नवीन, 79 किग्रा में उत्तर रेलवे के आशीष, 97 किग्रा में उत्तर रेलवे के हरदीप सिंह और 125 किग्रा में उत्तर पश्चिम रेलवे के बीरेन्द्र ने स्वर्ण पदक जीते।86 किग्रा में रेलवे सुरक्षा विशेष बल के भूपेंद्र और उत्तर पूर्व रेलवे के नाहर देव यादव तथा 92 किग्रा में उत्तर रेलवे के अनिल और मध्य रेलवे के दादा जाधव के बीच फाइनल मुकाबले 10 सितंबर को होंगे। बुधवार को 86 किग्रा में रेलवे सुरक्षा विशेष बल के दिनेश और 92 किग्रा में अमित ने कांस्य पदक जीते।प्रतियोगिता में अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे, सहायक सुरक्षा आयुक्त-I संजीव राणा और सहायक सुरक्षा आयुक्त-II अशोक कुमार सहित अधिकारी मौजूद रहे। समापन समारोह में पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि होंगे। आरपीएफ महानिरीक्षक राजीव कुमार यादव, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मो. मुनव्वर खान सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## यश नर्सरी स्कूल में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल की आधारताल शाखा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर सदन खेल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शतरंज, कैरम, नेटबॉल, रस्साकशी, रस्सी कूद, धीमी साइकिल दौड़ और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 9 सितंबर को आयोजित समापन समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, पदक एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में संगीता गौतम, आदर्श रघुवंशी एवं मुख्तसिर अहमद का विशेष योगदान रहा। विद्यालय संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी ने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य एवं टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्राचार्या सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# यादव कॉलोनी में सेवा दिवस के रूप में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

जबलपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में यादव कॉलोनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवियों द्वारा सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम तिवारी, सेरू रैकवार, दीपेश, सोनू, निर्मल सिंह, रत्नेश अग्रवाल, इलू महाराज, लालू चौबे, बाबू चौबे, चेतन, मानस गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।



# डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**जबलपुर।** ऑल इंडिया शितोरियो कराटे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 31वीं डिस्ट्रिक्ट कराटे ओपन चैंपियनशिप का आयोजन 9 सितंबर को सिंधी धर्मशाला, घंटाघर में किया गया। प्रतियोगिता में शहर के 8 स्कूलों के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन स्टाइल चीफ एवं इंडिया चीफ श्यान मोहम्मद नफीस के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। प्रमुख विजेताओं में दतिया, तृशा, अनविका, सुप्रिया, दिलप्रीत कौर, आरती जैन, सयेशा बटाई, कर्निका शर्मा, रिद्धिमा श्रीवास, रश्मी जायसवाल, सुखमीत कौर, ओजस्वी विश्वकर्मा, आसन्न जैकब, रूचि लोधी, प्राची लोधी, जान्हवी सोनकर, कंचन पटेल, अर्णिमा जैन, अनारा जैन, आराध्या साहू, शालिनी पटेल, के. प्रान्जुल बेसवार, अबीर कश्यप, शिवम, मोहम्मद, वेदांत, मारियम, जान्हवी, जुनैदा, अदिरा देशराज, रोशनी अरोरा, सामर्थ जैन, अर्पणा, अगस्तय, भूमि मिश्रा, सिद्धिका दुबे, शान्वी, बगरोदिया, आर्या अग्रवाल, विधि शर्मा, सूर्याश सोनकर एवं सृष्टि गुप्ता सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। प्रतियोगिता में सृष्टि अवस्थी, जैनब शैफी, दिव्यांश सोनकर, लालिमा, जुनैरा खान, मरियम खान एवं स्वास्तिका ने रेफरी की भूमिका निभाई। छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कैंट बोर्ड अध्यक्ष ए.एस. परिहार, सेक्रेटरी मि. सईब्रिन जैकब, मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार जैन एवं राजा तिवारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का समापन शाम 5:30 बजे हुआ। सालीबाड़ा स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

# 21 सितंबर को होगा 'भगवान जगन्नाथ चेतना एवं मानसिक स्वास्थ्य' का विमोचन

**जबलपुर।** जय जगन्नाथ मिशन अन्तर्राष्ट्रीय की बैठक में 21 सितंबर 2026 को शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में होने वाले आध्यात्मिक आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम शाम 6 बजे से आयोजित होगा। इस दौरान मिशन के संस्थापक डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा रचित कृति 'भगवान जगन्नाथ चेतना और मानसिक स्वास्थ्य' का विमोचन किया जाएगा। कृति में सकारात्मक सोच, मानसिक शांति, आध्यात्मिक जागरण एवं मानव कल्याण के विषयों को केंद्र में रखा गया है।

कार्यक्रम में 'श्री जगन्नाथ अर्जी पात्र' स्थापित किया जाएगा। श्रद्धालु इसमें अपनी समस्याओं, मनोकामनाओं और शुभ इच्छाओं को लिखित अर्जी के रूप में समर्पित कर सकेंगे। मिशन के अनुसार सभी अर्जियां श्री जगन्नाथ पुरी धाम में भगवान के श्रीचरणों में अर्पित की जाएंगी। भक्ति भजनों एवं भक्तिमय संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी।आयोजन में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर



सिंह 'अन्नू', जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की विशेष उपस्थिति रहेगी। मिशन के संयोजक शरद काबरा एवं सह-आयोजक रामजी अग्रवाल ने नागरिकों से सपरिवार शामिल होने की अपील की।बैठक में ओ.पी. बिल्थरिया, राजेश पाठक प्रवीण, अरविन्द खरे, संतोष नेमा, विजय नेमा, अभिनव पुरुषोत्तम, मनोज सराफ, विमल नामदेव, नवनीत माहेश्वरी, बृजबिहारी पालीवाल, उमेश खुराना, जगदीश साहू, एकता गोस्वामी, विजय केसरवानी, सचिन यादव, रुद्र प्रताप सिंह, हर्ष काबरा, राजीव तिवारी, अनिल गुप्ता, हरिओम हजारी, नन्द किशोर अग्रवाल, राजेन्द्र सराफ, सतीश दुबे, के.के. शुक्ला, सुरेश चौहान, पं. राजेश शर्मा, सोनू विश्वकर्मा एवं अर्चना तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हवाई सेवाएं बढ़ाने इंडिगो को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जबलपुर की सीमित हवाई सेवाओं को लेकर इंडिगो एयरलाइन के प्रतिनिधियों से चर्चा कर वायु कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की। फेडरेशन अध्यक्ष हिमांशु खरे ने जबलपुर से पुणे, जयपुर, अहमदाबाद, चेन्नई एवं पटना के लिए नियमित हवाई सेवाएं शुरू करने का सुझाव दिया।इंडिगो के डायरेक्टर सेल्स प्रीतम चक्रवर्ती ने बताया कि जबलपुर-बेंगलुरु उड़ान को बोइंग विमान सेवा में बदलने की योजना है तथा इसे चेन्नई से जोड़ा जाएगा। उन्होंने जबलपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट शुरू करने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि इससे मध्यप्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस संबंध में प्रीतम चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा एवं कुंवर रावत को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान फेडरेशन के संयुक्त अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार पोरवाल, जयदेव योगेश ताम्रकार, अरूण पवार एवं अशोक आनंद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूचियों में मेरा नाम सूर्याश संजय गुप्ता (SURYANSH SANJAY GUPTA) अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सूर्याश गुप्ता (SURYANSH GUPTA) अंकित है।

अत: उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम हैं तथा आगे से मुझे मेरे नाम सूर्याश गुप्ता (SURYANSH GUPTA) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

सूर्याश गुप्ता
पुत्र श्री संजय गुप्ता
म.नं. 619, दीनदयाल वार्ड
त्रिमूर्ति नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**स्पेलिंग सुधार सूचना**

मैं रूचि तोमर (Ruchi tomar) पिता खूबचंद खटीक निवासी- बी-17, साकार उदय तुलसी नगर जबलपुर म.प्र. पिन 482002 शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरी 10वीं की मार्कशीट में मेरे नाम की स्पेलिंग रूचि तोमर (Ruchi tomer) दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे आधारकार्ड, पेनकार्ड एवं बैंक में मेरा नाम रूचि तोमर (Ruchi tomar) दर्ज है जो कि सही है यह कि रूचि तोमर (Ruchi tomar)एवं रूचि तोमर (Ruchi tomer)एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता के ही नाम है अतः अब से मेरे नाम की स्पेलिंग रूचि तोमर (Ruchi tomer) के स्थान पर सही स्पेलिंग रूचि तोमर (Ruchi tomar) जानी,जावें व दर्ज की जाये ।

गलत स्पेलिंग/ नाम - रूचि तोमर
(Ruchi Tomer)
सही स्पेलिंग/ नाम - रूचि तोमर
(Ruchi Tomar)

**अंक सूची गूमी की सूचना**

प्रार्थी गायत्री धुर्वे पिता रमेश सिंह धुर्वे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कांकरदेही तहसील मझौली जिला जबलपुर की स्थाई निवासी हूं। मैं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छात्रा हूं। और मेरी BSC (Bio)2 year की अंकसूची खो गई है जिसका रोल नंबर 14/0610304243 है। जिस किसी को मेरी अंकसूची मिले तो मुझे से इस नंबर पर संपर्क करें
9755838714

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I GHEESI BAI Mother of 15590015W Rank HAV RAHUL KUMAR, presently Residing at- VILL- KAJIKHETI, P.O-DABRI, TEH-ASHTA, DIST-SEHORE, M.P. - 466116, I have changed of my name from KRISHNA BAI & Date of birth 09/08/1962 (name & date of birth as per my son army service records) to GHEESI BAI & date of birth 01/01/1968 (name & Date of birth as per my AADHAR CARD ) vide Affidavit dated in 09/09/2026 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.

CORRRECT NAME
GHEESI BAI
INCORRRECT NAME
KRISHNA BAI
CORRRECT DATE OF BIRTH
01/01/1968
INCORRRECT DATE OF BIRTH
09/08/1962



# न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज और मेडिटेशन से रहता हूं हेल्दी-फिट



इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे माइथॉलॉजिकल सीरियल 'हस्तिनापुर के वीर' में महामंत्री विदुर का किरदार एक्टर विकास सलगोत्रा निभा रहे हैं। वे अपनी हेल्थ, फिटनेस को लेकर काफी कॉन्शस रहते हैं। इसके लिए वे किस तरह के एफर्ट्स करते हैं, अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं अपनी जुबानी।

**फिटनेस फंडा**
**विकास सलगोत्रा**

मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए सिर्फ एक्सरसाइज ही नहीं, बल्कि सही डाइट, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना और मानसिक शांति भी जरूरी है। मैं सप्ताह में कम से कम पांच दिन एक्सरसाइज जरूर करता हूं। अपने फिटनेस रूटीन में मसल बिल्डिंग के साथ कैलिस्थेनिक्स को भी शामिल करता हूं।

### मेरा डाइट प्लान

मेरे लिए एक अच्छा डाइट प्लान वह है, जिसमें शरीर और दिमाग को मजबूत बनाने के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व और फाइबर सही मात्रा में शामिल हों। मेरी डाइट में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, विटामिंस और मिनरल्स का बैलेंस्ड कॉम्बिनेशन होता है। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए सिर्फ कैलोरी पर ध्यान देने के बजाय पोषण पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। इसलिए मेरी डाइट में सभी न्यूट्रिएंट्स बैलेंस्ड मात्रा में उपस्थित रहते हैं।

### मेरा वर्कआउट रूटीन

मैं आमतौर पर सप्ताह में पांच दिन एक्सरसाइज करता ही हूं। मेरे वर्कआउट रूटीन में मसल बिल्डिंग के साथ कैलिस्थेनिक्स का कॉम्बिनेशन रहता है। इससे स्ट्रेंथ और बॉडी कंट्रोल दोनों पर मैं वर्क कर पाता हूं। इससे मुझे एनर्जेटिक और एक्टिवनेस फील होते है। बिजी शेड्यूल के बावजूद थकावट महसूस नहीं होती है।

### टाइम करता हूं मैनेज

वैसे तो मैं जिम में जाकर वर्कआउट करना प्रेफर करता हूं लेकिन अगर शूटिंग की वजह से बहुत ज्यादा बिजी रहता हूं और जिम जाने का समय नहीं मिल पाता, तो मैं घर पर ही कुछ देर वर्कआउट करना पसंद करता हूं। बॉडी-वेट एक्सरसाइज और योग को अपनी रूटीन में शामिल कर लेता हूं। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए जरूरी नहीं कि हर बार जिम ही जाना पड़े, बल्कि उपलब्ध समय और जगह में भी एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए, मैं टाइम मैनेज करता हूं और सुविधानुसार घर या जिम में कुछ समय के वर्कआउट जरूर करता हूं। हमें इस बात को समझना होगा कि जैसे हमारा वर्क, प्रोफेशन जरूरी है, उतना ही अधिक जरूरी हमारी हेल्थ का फिट रहना भी है। इसलिए अपनी हेल्थ-फिटनेस के लिए टाइम जरूर मैनेज करता हूं।

### मेंटल हेल्थ के लिए

मानसिक रूप से स्वस्थ और शांत महसूस करने के लिए ध्यान यानी मेडिटेशन करता हूं और कुछ योगासनों का भी अभ्यास करता हूं। रोजाना भ्रामरी और भस्त्रिका प्राणायाम करने की कोशिश करता हूं। इससे मन को शांत रखने में मदद मिलती है और मुझे लगता है कि यह मानसिक एकाग्रता और ब्रेन की क्षमता को बेहतर बनाने में भी सहायक है।

### मेरा फिटनेस आइडल

मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस, डिसिप्लिन और लगातार खुद को फिट रखने की प्रतिबद्धता मुझे काफी प्रेरित करती है। उन्होंने अपने आपको जिस तरह से मेंटेन किया हुआ है, वैसा कम ही लोग कर पाते हैं, इसीलिए वे बहुत से लोगों के फिटनेस आइडल हैं।

### पाठकों को मैसेज

मेरा फिटनेस फंडा बहुत सिंपल है, फ्रेश और हेल्दी खाना खाएं, जंक फूड से बचें और ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें, जिनमें ज्यादा प्रिजर्वेटिव्स हों। फ्राइड फूड से भी जितना हो सके बचना चाहिए। सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक्सरसाइज जरूर करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। फिटनेस के लिए निरंतरता सबसे ज्यादा जरूरी है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

---

आप कितनी लंबी उम्र जिएंगे, ओल्ड एज में आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य कैसा रहेगा, यह इस बात पर भी बहुत निर्भर करता है कि आपने मिड एज से किस तरह की लाइफस्टाइल को अपनाया है। अगर आप मिड एज से गुजर रहे हैं तो अपनी लाइफस्टाइल और फूड हैबिट में जरूरी सुधार तुरंत कर लें। इससे बढ़ती उम्र में आप लंबे समय तक हेल्दी रहेंगे।

# मिडिल एज में ऐसी हो लाइफस्टाइल
# स्वस्थ रहेगा तन-मन-जिएंगे लंबी आयु

**हेल्थ एडवाइस**
**शिखर चंद जैन**

चालीस से पचास की उम्र में आप अपने शरीर और मन के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, उसका आने वाले दशकों में आपकी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। उम्र बढ़ने से जुड़ी कई बीमारियों, जिनमें हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और डिमेंशिया शामिल हैं के बीज मध्य आयु में ही पड़ने लगते हैं। इसलिए इस उम्र में ही बचाव के उपाय शुरू करना बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिका की ब्रांडीज यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर और 'प्राइम टाइमः अ न्यू विजन फॉर मिडलाइफ' की लेखिका मार्जी लैकमैन कहती हैं कि मध्य आयु बदलाव करने का आदर्श समय है। इससे आपको न केवल वर्तमान में लाभ मिलता है, बल्कि भविष्य में भी इसका फायदा मिलता है। विशेषज्ञों से बातचीत के आधार पर सामने आए कुछ छोटे-छोटे उपाय जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।



### इंटरवल ट्रेनिंग

हृदय और फेफड़ों की अच्छी क्षमता लंबी उम्र के सबसे बेहतर संकेतकों में से एक है। उम्र बढ़ने के बाद भी सक्रिय और गतिशील बने रहने के लिए कार्डियो-रेस्पिरेटरी फिटनेस महत्वपूर्ण है। इसे बेहतर बनाने का एक तरीका इंटरवल ट्रेनिंग है। उदाहरण के लिए, ट्रेडमिल पर सामान्य गति से 30 सेकंड चलें, फिर 30 सेकंड तेज दौड़ें और उसके बाद 30 सेकंड आराम करें। इस क्रम को लगभग 10 बार दोहराया जा सकता है। इस तरह का छोटा वर्कआउट लंबे समय तक सामान्य गति से व्यायाम करने की तुलना में अधिक प्रभावी हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यायाम करते समय स्वयं को थोड़ा चुनौती देना जरूरी है।

### डेली पर्याप्त नींद लें

बहुत कम नींद लेना कई स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। इनमें मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और डिमेंशिया जैसी बीमारियां शामिल हैं। कम नींद का संबंध जीवनकाल कम होने से भी जोड़ा गया है। विशेषज्ञ सामान्यतः रात में लगभग आठ घंटे की नींद लेने की सलाह देते हैं, हालांकि हर व्यक्ति की आवश्यकता अलग हो सकती है। सिर्फ नींद के घंटों की संख्या पर ध्यान देने के बजाय नियमित नींद की आदत बनाना अधिक महत्वपूर्ण है। हर दिन लगभग एक ही समय पर सोने और जागने की कोशिश करें। सोने और जागने का नियमित समय अच्छी नींद का मजबूत संकेतक माना जाता है और अलग-अलग कई शोधों में इस नियम को नींद की कुल अवधि से भी अधिक महत्वपूर्ण पाया गया है।



### दोस्तों के लिए समय निकालें

कई विशेषज्ञों ने सामाजिक संबंधों को लंबे समय तक अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। लोग अक्सर सामाजिक संपर्क को केवल मनोरंजन मानते हैं, जबकि वास्तव में यह स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि किसी दोस्त के साथ मिलकर ऐसे काम करें, जो आपकी कार्य सूची में शामिल हों।

उदाहरण के लिए, किसी दोस्त के साथ टहलने जाएं, साथ में व्यायाम करें या साथ-साथ किराने का सामान खरीदने जाएं। इससे शारीरिक गतिविधि और सामाजिक मेलजोल दोनों एक साथ हो जाते हैं। साथ ही आपका काम भी हो जाएगा।

### फर्मेंटेड फूड्स खाएं

जब हम शरीर के स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं तो अकसर आंतों में रहने वाले खरबों सूक्ष्मजीवों यानी गट माइक्रोबायोम को भूल जाते हैं। एक हेल्दी गट माइक्रोबायोम, अच्छी हेल्थ और लंबी उम्र से जुड़ा हुआ है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करने और शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। शरीर में लंबे समय तक रहने वाली सूजन उम्र से जुड़ी कई बीमारियों का प्रमुख कारण मानी जाती है। अपने माइक्रोबायोम की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका किण्वित यानी फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ खाना है। इनमें ऐसे सूक्ष्मजीव होते हैं, जो आंतों के लिए लाभकारी हो सकते हैं। आप दिन की शुरुआत दही से कर सकते हैं। इसके अलावा किमची, कोंबुचा, इडली, कफिर जैसे खाद्य पदार्थ भी शामिल किए जा सकते हैं।

### पर्याप्त मात्रा में लें प्रोटीन

30 की उम्र के बाद शरीर में मांसपेशियों का कम होना शुरू हो जाता है और 60 की उम्र के आस-पास यह प्रक्रिया और तेज हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन खाना और साथ में प्रतिरोधक रेजिस्टेंस ट्रेनिंग करना, मांसपेशियों के नुकसान को रोकने में मदद कर सकता है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि हर व्यक्ति को बहुत अधिक मात्रा में प्रोटीन लेना चाहिए। सामान्य तौर पर शरीर के प्रत्येक किलोग्राम वजन के लिए लगभग 0.8 से 1.2 ग्राम प्रोटीन पर्याप्त माना जाता है। कुछ विशेषज्ञ 68 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति के लिए प्रतिदिन लगभग 54 से 81 ग्राम प्रोटीन की सलाह देते हैं। इसलिए आप वेजिटेरियन हों या नॉनवेजिटेरियन, प्रोटीन को हर भोजन में शामिल करना चाहिए।

### वेट ट्रेनिंग को रूटीन में अपनाएं

एरोबिक फिटनेस जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण मांसपेशियों की ताकत भी है। शोध बताते हैं कि मांसपेशियों की ताकत का संबंध लंबी उम्र और वृद्धावस्था में स्वतंत्र रूप से जीवन जीने की क्षमता से है। इसके विपरीत, बहुत अधिक मांसपेशियां होने के बावजूद उनमें ताकत की कमी होना कमजोरी और गिरने के जोखिम को बढ़ा सकता है। रेजिस्टेंस ट्रेनिंग के दौरान मांसपेशियां शरीर को कुछ ऐसे अणु बनाने के लिए प्रेरित करती हैं, जिन्हें मायोकाइन्स कहा जाता है। इनमें से कुछ शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

अगर आप जिम में डंबल वाली एक्सरसाइज को टाइम देते हैं तो अपने लिए थोड़ा अधिक वजन चुनने से डरें नहीं। लेकिन यदि आपने अभी शुरुआत की है तो धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं और सही तकनीक सीखें। इसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि व्यायाम के बाद आपको लगे कि आपकी मांसपेशियों ने वास्तव में काम किया है, लेकिन इतना भी नहीं होना चाहिए कि अत्यधिक थकान या दर्द हो।

### आंतों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

हमारी आंतों में रहने वाले सूक्ष्मजीवों का समुदाय हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। स्वस्थ माइक्रोबायोम, प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करता है और शरीर में सूजन को नियंत्रित करता है। इसलिए भोजन में विभिन्न पोषक पदार्थों को शामिल करना, फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ खाना और फर्मेंटेड फूड्स को शामिल करना आंतों के लिए उपयोगी है। इन बातों पर अमल करना बहुत लाभकारी हो सकता है। *

### पैरेंट्स की हेल्थ हिस्ट्री को रखें ध्यान



**जीवनशैली कई** बीमारियों के जोखिम को प्रभावित करती है, लेकिन आनुवंशिकता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए पैरेंट्स और फैमिली में किन बीमारियों का इतिहास रहा है, इसकी जानकारी भी रखें। अपने माता-पिता और अन्य करीबी रिश्तेदारों से उनके स्वास्थ्य के बारे में बात करें। अपने डॉक्टर से भी पूछें कि परिवार में किसी बीमारी का इतिहास होने पर आपको किस उम्र से कौन-सी जांच नियमित रूप से करवानी चाहिए और किन लक्षणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए? इससे आपको अपनी हेल्थ केयर में हेल्प मिलेगी।

---

**आयुर्वेद**
**ललिता गोयल**

# हल्दी सेवन करने के फायदे

किचेन में मौजूद हल्दी भारतीय रसोई का केवल एक मसाला नहीं है, बल्कि यह औषधीय गुणों का एक ऐसा खजाना है, जिसका इस्तेमाल सदियों से आयुर्वेद में किया जा रहा है। इसका पीला रंग और इसमें पाया जाने वाला मुख्य तत्व करक्यूमिन इसे एक शक्तिशाली प्राकृतिक औषधि बनाते हैं।

हल्दी एक ऐसा मसाला है, जिसे सेहत के लिए बेहद गुणकारी माना जाता है। आमतौर पर हल्दी को किसी भी खाने में कलर और स्वाद को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन हल्दी को गुणों का भंडार भी कहा जाता है। हल्दी को स्वाद, सेहत और सुंदरता को बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।



**एंटीसेप्टिक-एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर:** हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुण पाए जाते हैं। इतना ही नहीं इसमें कैल्शियम, आयरन, सोडियम, एनर्जी, प्रोटीन, विटामिन ई, विटामिन सी और फाइबर जैसे तत्व भी पाए जाते हैं, जो शरीर को कई लाभ पहुंचाने में मददगार होते हैं।

**डाइट में ऐसे करें शामिलः** हल्दी वाला दूध जिसे 'गोल्डन मिल्क' भी कहा जाता है, जोड़ों के दर्द में आराम, अच्छी नींद लाने में मदद करता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर पीने से सर्दी-जुकाम और शरीर दर्द से भी निजात मिलती है। रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास गरम पानी में आधा चम्मच हल्दी और काली मिर्च पावडर मिलाकर पीने से वजन कंट्रोल में रहता है और मेटाबॉलिज्म अच्छा होता है। सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। दोपहर या रात के भोजन में, दाल, सब्जी और सूप में हल्दी का यूज करने से न्यूट्रीशन की डेली डोज मिलती है और डाइजेशन बेहतर होता है। शाम के समय हल्दी की हर्बल-टी पीने से गले की खराश और तनाव से राहत मिलती है।

**मिलते हैं ये फायदेः** हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर मौसम बदलने पर होने वाले सर्दी, जुकाम और कफ से बचाती है। करक्यूमिन शरीर में पुरानी सूजन को कम करने में मदद करता है। *

(डाइटीशियन सवी जैन से बातचीत पर आधारित)

---

**सजेशन**
**रेखा देशराज**

जाती हुई बारिश के इन दिनों में फ्रेश और एनर्जेटिक फील करने के लिए बार-बार चाय पीना फायदेमंद नहीं है। ऐसे में आप कुछ हर्बल ड्रिंक्स पी सकते हैं। इन्हें बनाना बहुत ईजी है और ये टेस्टी भी लगते हैं।

# फील करें फ्रेश-एनर्जेटिक
# पिएं हर्बल-टेस्टी ड्रिंक्स

बारिश के इस मौसम में चाय के बजाय एक नया विकल्प आपकी रसोई में जगह बना सकता है। ये है- हर्बल आइस टी और इन्फ्यूज्ड वाटर। ताजी जड़ी बूटियों, फलों, मसालों और पानी से तैयार ये पेय स्वाद में हल्के, देखने में आकर्षक और रोजमर्रा की हाइड्रेशन को मजेदार और बेहतर बनाने के शानदार विकल्प हैं।

**क्या है इन्फ्यूज्ड वाटरः** इन्फ्यूज्ड वाटर का मतलब है पानी में फल, सब्जियां, जड़ी बूटियां या मसालों की थोड़ी मात्रा डालकर कुछ समय के लिए छोड़ देना ताकि उनका स्वाद और सुगंध पानी में आ जाए। इसमें फलों का रस निकालकर मिलाना जरूरी नहीं होता। खीरा-पुदीना, नीबू-तुलसी, सेब-दालचीनी और संतरा-पुदीना जैसे संयोजन घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं। यह उन लोगों के लिए खास तौर पर उपयोगी हो सकता है, जिन्हें सादा पानी कम पसंद है और वो पानी पीने से कतराते हैं।

**नहीं है डिटॉक्स वाटरः** सोशल मीडिया में आमतौर पर इन्फ्यूज्ड वाटर को डिटॉक्स वाटर के रूप में प्रचारित किया जाता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि शरीर को डिटॉक्स करने का काम मुख्य रूप से हमारा लिवर और किडनी करते हैं, इसलिए, ऐसे पेयों को चमत्कारिक डिटॉक्स उपचार के रूप में न देखें। बस स्वादिष्ट पानी के रूप में पिएं।



अगर बिना अतिरिक्त चीनी के इन्हें प्राकृतिक फ्लेवर में लिया जाए तो ये मीठे शीतल पेयों की तुलना में बेहतर विकल्प बन सकते हैं।

**तुलसी-नीबूः** तुलसी-नीबू वाटर का फ्रेश टेस्ट आपको बहुत भाएगा। इसे बनाना बहुत आसान है। एक जग में तुलसी की कुछ साफ पत्तियां डालें और नीबू के पतले-पतले टुकड़े काटकर भी डालें। अब इस जग को कुछ घंटे तक फ्रिज में रख दें। पानी में नीबू की खटास और तुलसी की खुशबू न सिर्फ उतर आएगी बल्कि यह पानी को खुशबूदार बना देगी। ध्यान रखिए नीबू के टुकड़ों को बहुत लंबे समय तक पानी में न रखें वरना पानी का स्वाद कड़वा हो सकता है। इस मामले में यह भी बेहतर होगा कि पानी का इस्तेमाल उसी दिन कर लें।

**पुदीना-खीराः** पुदीने की कुछ पत्तियां और खीरे के कुछ पतले-पतले टुकड़े कांच की बोतल या जग में डाल लें। यह संयोजन खास तौर पर उमस भरे दिनों में सबसे शानदार अनुभव देता है। इसमें चीनी डालने की जरूरत नहीं होती। लेकिन हल्की मिठास पसंद है तो प्राकृतिक रूप से किसी मीठे फल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पानी न केवल पीने में स्वादिष्ट लगता है बल्कि यह सेहत के लिए भी शानदार है।

**हर्बल आइस टीः** हम जब भी हर्बल टी कहते हैं तो आमतौर पर जहन में ब्लैक टी या नीबू टी की ही तस्वीर आती है। लेकिन हर्बल टी केवल यहीं तक नहीं सीमित होती है। हर्बल टी, हर्बल आइस टी के रूप में भी पसंद की जाती है। तुलसी, पुदीना, लेमन ग्रास या अदरक से तैयार यह हल्की हर्बल टी, ठंडा करके भी पी जा सकती है। इसके लिए तुलसी, पुदीना और लेमनग्रास की पत्तियों को गर्म पानी में थोड़ी देर के लिए डुबोकर रख दें। अब पेय को छानकर ठंडा कर लें और अगर पसंद हो तो बर्फ डाल लें और धीरे-धीरे सिप करें, अगर बर्फ नहीं डालना चाहते तो ऐसे भी पी सकते हैं। बिना बर्फ के भी इसे फ्रिज में ठंडा करके भी पिया जा सकता है। चीनी की जगह इसमें शहद का इस्तेमाल करें।

**अदरक-लेमन ग्रासः** अदरक और लेमन ग्रास का संयोजन बारिश के दिनों में बहुत फायदेमंद माना जाता है। दोनों को गर्म पानी में कुछ देर उबालकर छान लें और ठंडा होने के बाद हल्का नीबू मिला लें। ध्यान रहे इस पेय में अदरक की मात्रा कम हो। अगर अदरक ज्यादा हुई तो यह पेय ज्यादा तीखा हो सकता है। इसी तरह फल भी डालकर इसे नया फ्लेवर दे सकते हैं। स्ट्रॉबेरी, सेब, संतरा, अनार या कुछ अन्य फल इन इन्फ्यूज्ड वाटर को रंग और स्वाद दोनों तरह से बदलते हैं। हालांकि फल डालने का मतलब यह नहीं है कि पानी में फलों के पर्याप्त तत्व मिल जाएंगे। इसलिए इसे फल खाने का विकल्प न बनाएं बल्कि स्वादयुक्त फलों वाले पानी के रूप में इस्तेमाल करें। *



# विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल : आज बांग्लादेश से भिड़ेंगी टीम इंडिया, रिकॉर्ड आठवीं बार खिताब जीतने पर निगाहें

एजेंसी ▶▶| दुबई

सात बार की चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में उतरेगी तो कड़ी मैदानी प्रतिद्वंद्विता और दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में होने वाले इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम का पलड़ा भारी रहेगा।

जहां तक क्रिकेट का सवाल है तो भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही है और सारे मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत रही है और स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंद में 124 रन बनाकर फिर साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है।




### गेंदबाजी में भारत के पास विविधता

गेंदबाजी में भारत के पास विविधता और गहराई है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने राधा यादव और श्रीचरणी के साथ मिलकर हर मैच में स्पिन का जाल बखूबी बुना है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने नई गेंद बखूबी संभालकर टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई है।



### बांग्लादेशी बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर

दूसरी ओर बांग्लादेश ने यूएई को 34 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। निगार सुल्ताना की टीम की बल्लेबाजी की कमजोरी उजागर हो गई थी जब उसके 6 विकेट 55 रन पर गिर गए थे। इसके बाद शरमीन अख्तर और निगार ने पारी को संभाला। बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भारतीय स्पिन और तेज आक्रमण के सामने अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में राबिया खान, नाहिदा अख्तर और मारुफा अख्तर के लिए भी भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की कठिन चुनौती होगी।

### टी20 प्रारूप अप्रत्याशित

इतिहास और मौजूदा फॉर्म भले ही भारत के पक्ष में हो लेकिन टी20 प्रारूप अप्रत्याशित है और विरोधी को कतई हलके में नहीं लिया जा सकता । भारत ने अब तक सात बार यह टूर्नामेंट जीता है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश एक एक बार जीत चुके हैं। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है और बांग्लादेश ने 2018 में खिताब जीता था।

**मैच का समय : रात 8 बजे से।**

---

दलीप ट्रॉफी फाइनल : पूर्वी क्षेत्र को 584 रन की बढ़त

# खिताब की ओर ईस्ट जोन, ईशान ने फिर दिखाया दम

## दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन तक मैच में शानदार पकड़ बना ली है। पहली पारी में 708 रन बनाकर साउथ जोन को 336 रनों पर समेटने के बाद ईस्ट जोन ने बुधवार के खेल तक अपनी दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा कर लिया है। यहां से टीम के पास 584 रन की बढ़त है।

इसी के साथ ईस्ट जोन ने 2011/12 और 2012/13 सीजन में लगातार जीत के बाद अपना खिताब लगभग पक्का कर लिया है। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन ने दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग की और अर्धशतक लगाया।

### साउथ जोन पहली पारी 336 रनों पर सिमटी

इसके जवाब में, साउथ जोन पहली पारी में 336 रनों पर सिमट गई। इस टीम के लिए देवदत्त पड्डिकल ने 62 रन बनाए, जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 9 चौकों के साथ 99 रन की पारी खेली। इनके अलावा, चामा मिलिंद ने 43 रन और नारायण जगदीशन ने 32 रन अपने नाम किए। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद शमी, कौनैन कुरैशी और शिखर मोहन ने 2-2 विकेट चटकाए।



### किशन ने एक बार फिर संभाला मोर्चा

ईस्ट जोन को पहली पारी के आधार पर 372 रनों की विशाल बढ़त मिली, लेकिन विपक्षी टीम को फॉलोऑन ना देते हुए खुद दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया। ईस्ट जोन ने अपनी दूसरी पारी में 13 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान ईशान किशन ने एक बार फिर मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़े। ईशान 98 गेंदों में 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 80 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 160 के स्कोर तक अपना पांचवां विकेट भी गंवा दिया। चौथे दिन की समाप्ति तक कुमार कुशाग्र 34 रन और कौनैन कुरैशी 26 रन बनाकर नाबाद हैं। विपक्षी खेमे से मोहम्मद सिराज, त्रिपुरण विजय, एमडी निधीश और शेख रशीद ने 1-1 विकेट चटकाया है। पांचवें दिन अगर यह मुकाबला ड्रॉ भी रहता है, तो पहली पारी में ज्यादा रन बनाने की वजह से ईस्ट जोन खिताब को अपने नाम कर लेगा।

### वैभव नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

वैभव दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए और वो 16 गेंदों का सामना करते हुए एक चौके की मदद से 8 रन बनाकर आउट हो गए। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 50.00 का रहा। वैभव को दूसरी पारी में त्रिपुरण विजय ने अपनी गेंद पर विकेट के पीछे एन जगदीशन के हाथों स्टंप आउट करवा दिया। इससे पहले वैभव इस मैच की पहली पारी में 37 गेंदों पर एक छक्का और 5 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए थे।

### 99 रन पर तिलक आउट

साउथ जोन की टीम के लिए मैच में इकलौती उम्मीद कप्तान तिलक वर्मा ही थे। जहां सभी बल्लेबाज लगातार फेल होकर पवेलियन लौट रहे थे वहीं तिलक ने एक छोर संभालते हुए अपनी टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। एक समय टीम के 9 विकेट गिरे हुए थे और तिलक अपने शतक से सिर्फ 1 रन दूर थे। तभी 99 रन के स्कोर पर उन्होंने मोहम्मद कुनैन कुरैशी को उन्हीं की गेंदबाजी पर एक आसान कैच थमा दिया।

---

यूएस ओपन



# शेल्टन ने किया उलटफेर, मैराथन मुकाबले में अल्काराज को हराया

## सबालेंका और पेगुला पहुंचीं सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बेन शेल्टन ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में एरिना सबालेंका और जेसिका पेगुला अंतिम चार में पहुंचने में सफल रही। शेल्टन ने अल्काराज़ को चार घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-7 (5), 6-1, 6-3, 1-6, 7-6 (10-7) से हराया। इस तरह से अल्काराज़ का ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में पिछले 18 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया।

### करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच : शेल्टन

शेल्टन ने बाद में कहा, 'मैं थक गया हूं। यह किसी जंग से कम नहीं था। कार्लोस हमारे खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच था। इसमें कोई शक नहीं।'

### करीबी मुकाबला था : अल्काराज

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने कहा, 'यह करीबी मुकाबला था। वास्तव में यह बेहद करीबी मैच था। इसलिए मुझे निराशा है कि मैं आखिर में जीत दर्ज नहीं कर पाया। लेकिन मैंने आखिर तक मुकाबला किया और मुझे खुद पर गर्व है।'





### सबालेंका ने नोस्कोवा को दी मात

सबालेंका को जब लग रहा था कि अमेरिकी ओपन में लगातार तीसरा खिताब और महिला वर्ग में नंबर एक रैंकिंग बनाए रखने का उनका सपना टूट रहा है तब उन्होंने साबित किया कि वह आखिर तक हार मानने वाली नहीं हैं। सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (1), 3-6, 7-6 (10-7) से हराकर अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना जेसिका पेगुला से होगा।

### जेसिका ने नवारो को हराया

जेसिका ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 26वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। सबालेंका ने 2024 के फाइनल और पिछले साल सेमीफाइनल में पेगुला को हराया था।

---

## खबर संक्षेप



### नायरा ने किया निशानेबाजी चैंपियनशिप क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** 10 वर्ष और 3 महीने की नायरा शर्मा राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई। दिल्ली की नायरा ने हाल ही में भोपाल में अखिल भारतीय अंतर स्कूल निशानेबाजी चैंपियनशिप में दस मीटर एयर राइफल में 400 में से 363 अंक हासिल किए। वह दिल्ली की टॉपगन निशानेबाजी अकादमी में ट्रेनिंग करती है।

### जूनियर अमेरिकी ओपन में भारत की चुनौती समाप्त



**न्यूयॉर्क।** माया राजेश्वरन रेवती के दूसरे दौर में अरिना मालिजिना से तीन सेट में मिली हार के साथ जूनियर अमेरिकी ओपन में भारतीय चुनौती लगभग समाप्त हो गई। 15वीं वरीयता प्राप्त माया को रूस की प्रतिद्वंद्वी से दो घंटे 16 मिनट में 3-6, 7-5, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। माया जूनियर ग्रैंडस्लैम में लगातार दो जीत दर्ज नहीं कर पाई हैं, वह फ्रेंच ओपन में भी दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विम्बलडन में उनका सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया था। लड़कों के युगल वर्ग के पहले दौर में अर्णव पापारकर और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार कुनानान पंतारातोर्ण को महज 58 मिनट में कजाखस्तान के दामिर झालगास्बे और अमेरिका के साफिर आजम से 4-6, 2-6 से हार मिली।

---

# चैंपियंस लीग : एमबाप्पे और हालैंड के दम पर मैड्रिड और सिटी की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

किलियन एमबाप्पे और एर्लिंग हालैंड ने गोल दागे, जिससे रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ नए सत्र की शुरुआत की। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन मैड्रिड को सैंटियागो बर्नबेउ में इंटर मिलान पर 2-1 की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ हालैंड के दो गोल की मदद से 2023 के चैंपियन सिटी ने पोर्टो को 2-0 से हराया।

मैड्रिड और सिटी को पिछली दो बार के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इन दोनों टीम के प्रमुख स्ट्राइकर ने पहले मैच में ही अपना जलवा दिखाया।




### एमबाप्पे ने किया 71वां गोल

एमबाप्पे ने यूरोपीय क्लब फुटबॉल की शीर्ष महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना 71वां गोल किया जबकि हालैंड के नाम पर चैंपियंस लीग में 59 मैचों में 59 गोल दर्ज हो गए हैं। बोरुसिया डॉर्टमुंड ने विलारियाल को 3-2 से हराया। रियाल बेटिस ने लिली को और एस्टन विला ने क्लब ब्रुग को इसी अंतर से पराजित किया। पीएसजी बुधवार को स्लोवन ब्रातिस्लावा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

---

# गायकवाड़ की कप्तानी में खेलेंगे हार्दिक

**नई दिल्ली।** सीनियर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका खेलना पूर्ण फिटनेस हासिल करने पर निर्भर करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। पंड्या ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सत्र में मुंबई इंडियन्स के लिए खेला था। इसके बाद से यह 32 वर्षीय खिलाड़ी विभिन्न चोटों के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर है। फिलहाल वह जांघ की चोट से उबर रहे हैं।



### भारत ए बहुदिवसीय टीम

देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), साई सुदर्शन, अमन मोखाडे, आयुष पांडे, यश राठौड़, शेख रशीद, कुमार कुशाग्र, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, अंशुल कंबोज, प्रफुल्ल हिंगे, एन जगदीशन, नचिकेत भुटे, वी विशाक।

**भारत ए एकदिवसीय टीम**

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, प्रियांश आर्य, साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, कुमार कुशाग्र, निशांत सिंधू, विपराज निगम, अर्शीन कुलकर्णी, अरशद खान, नमन धीर, हार्दिक पंड्या, प्रभसिमरन सिंह, गुरजपनीत सिंह, यश ठाकुर।

---

जूनियर एशिया कप हॉकी : सेमीफाइनल में टीम इंडिया, कप्तान अनमोल ने दागे 6 गोल

# भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मोकी

कप्तान अनमोल इक्का ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 6 गोल किए, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त देकर जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अनमोल ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया।

भारतीय टीम पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार खेल दिखाया और दनादन गोल दागे। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल ए में 10 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया ने जापान को 3-2 से हराकर नौ अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। जापान, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं और अब वे वर्गीकरण मैचों में खेलेंगे।



### भारत ने बनाया पहले क्वार्टर में गेंद पर कब्जा

भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर कब्जा बनाए रखा लेकिन वह ताइपे की रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। भारत ने दूसरे क्वार्टर में पांच मिनट के अंदर तीन गोल किए। आर्यन जेस ने 17वें मिनट में भारत का खाता खोला, जिसके एक मिनट बाद ही प्रभदीप सिंह ने बढ़त को दोगुना कर दिया। फिर गुरसेवक सिंह ने 22वें मिनट में तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। अनमोल ने 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपना पहला गोल किया। अर्जुन संतोष हरगुडे ने 28वें मिनट में गोल दागा, जबकि अगले ही मिनट अनमोल ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला।

### भारत ने हाफ टाइम तक बनाई 6-0 की बढ़त

इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 6-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने इसके बाद भी आक्रामक रवैया अपनाया तथा तीसरे क्वार्टर के शुरुआती तीन मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। अनमोल ने इन दोनों को गोल में बदलने में किसी तरह की गलती नहीं की। अजीत यादव ने भी 35वें मिनट में गोल करके स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया, जबकि अनमोल ने गोल करने का अपना सिलसिला जारी रखा। उन्होंने 45वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का अपना पांचवां गोल किया और तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत को 10-0 से आगे कर दिया।

---

# विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज शीतलदेवी ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मौजूदा पैरालम्पिक चैंपियन हरविंदर सिंह और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी की अगुवाई में भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण का अंत आखिरी दिन बुधवार को दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक के साथ किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन शीतल ने पैरा कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि पैरालम्पिक में दो पदक जीत चुके हरविंदर ने भावना के साथ पैरा रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में पीला तमगा हासिल किया। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में हरविंदर और भावना ने चीन के लियांग कियूरोंग और शिया लेइ को 6-0 से हराया। भावना ने



रिकर्व महिला प्लेआफ में राजश्री राठौड़ को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। शीतल ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में कजाखस्तान की ऐजादा सेडान को शूटआफ में मात दी। शीतल ने इससे पहले तोमन कुमार के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम में भी कांस्य पदक जीता था। उन्होंने ईराक की सारा अल हामिद और अब्बास कादिम को 157-145 से हराया।




## शहडोल सीएमओ मामले में डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच का आदेश रखा यथावत

# ए क्लास से बी क्लास नपा में सीएमओ का तबादला नियम विरुद्ध : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शहडोल नगर पालिका की सीएमओ आशा भंडारी के तबादले के मामले में सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा है। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत अपील निरस्त कर दी।

दो जून 2026 को आशा भंडारी का शहडोल से नगर पालिका अनूपपुर स्थानांतरण किया गया था। उन्होंने स्थानांतरण आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। सिंगल बेंच ने कहा था कि ए क्लास नगर पालिका के सीएमओ का तबादला ए क्लास से बी क्लास नगर पालिका में नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर बेंच ने आशा भंडारी को शहडोल सीएमओ के पद पर कार्य करते रहने का आदेश दिया था। साथ ही जयसिंहनगर से शहडोल सीएमओ बनाए



गए निशांत सिंह का पदस्थापना आदेश भी निरस्त कर दिया था। इस फैसले को निशांत सिंह ने अपील के जरिए चुनौती दी। डिवीजन बेंच ने अपील निरस्त करते हुए सिंगल बेंच के आदेश को यथावत रखा।

## चेक बाउंस मामले में एक वर्ष का सश्रम कारावास

12 लाख रुपये के चेक की राशि के साथ 20.62 लाख रुपये प्रतिकर देने के आदेश

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वंदना सिंह की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी जबलपुर निवासी सुरेश धनवानी को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को परिवादी अशोक कुमार सोनी को चेक राशि 12 लाख रुपये के साथ ब्याज सहित कुल 20 लाख 62 हजार 816 रुपये प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी ने कथित देयता के भुगतान के लिए 12 सितंबर 2018 को पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा नेपियर टाउन, जबलपुर से संबंधित 12 लाख रुपये का चेक जारी किया था। बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर चेक खाता बंद होने की टिप्पणी के साथ अनादरित हो गया। परिवादी की ओर से मांग सूचना दिए जाने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया गया। अदालत ने साक्ष्यों और दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद माना कि आरोपी धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम के अपराध के लिए दोषसिद्धि योग्य है। निर्णय में सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायदृष्टांतों का भी उल्लेख किया गया। अदालत ने प्रतिकर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास का भी प्रविधान किया है। मुकदमे के खर्च के रूप में न्यायालय फीस, सूचना पत्र, आदेशिका शुल्क, अधिवक्ता शुल्क सहित अन्य राशि भी निर्धारित की गई है।

*सुबह 10 बजे गार्ड आफ आनर, 10:30 बजे कोर्ट हाल नंबर एक में होगा अभिनंदन समारोह*

# 11 सितंबर को शपथ के बाद पहली बार हाई कोर्ट पहुंचेंगे नए मुख्य न्यायाधीश कोगजे

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे 11 सितंबर को पहली बार जबलपुर स्थित हाईकोर्ट परिसर पहुंचेंगे। उनके आगमन पर सुबह 10 बजे हाईकोर्ट परिसर में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से गार्ड आफ आनर दिया जाएगा। इसके बाद उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। चीफ जस्टिस के स्वागत व अभिनंदन के लिए सुबह 10:30 बजे कोर्ट के हाल नंबर एक में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

हाईकोर्ट के एसीजे विवेक रूसिया के आदेश पर जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी न्यायाधीश चीफ जस्टिस के चैंबर में एकत्र होंगे। वहां से मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीश कोर्ट हाल नंबर एक पहुंचेंगे। खास बात यह है कि इंदौर और ग्वालियर खंडपीठों के न्यायाधीशों के साथ-साथ वहां के बार एसोसिएशनों के अध्यक्ष, सदस्य तथा बार काउंसिल के सदस्य भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। रजिस्ट्रार जनरल धर्मिंदर सिंह की ओर से जारी कार्यक्रम में सभी संबंधितों से समारोह में सहभागिता का अनुरोध किया गया है। नए मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर हाई कोर्ट प्रशासन में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# स्कूलों की हकीकत और सरकारी आंकड़ों में बड़ा अंतर, शिक्षा समिति में हंगामा

**जबलपुर।** जिला पंचायत की शिक्षा समिति की बुधवार को करीब छह माह बाद हुई बैठक में सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विभाग द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 100 प्रतिशत नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने के दावे पर समिति के वरिष्ठ सदस्य विवेक पटेल ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने विभागीय आंकड़ों को जमीनी हकीकत से अलग बताते हुए वास्तविक स्थिति छिपाने का आरोप लगाया।



बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में पेयजल की बदहाल व्यवस्था, खराब व दूषित हैंडपंप, जर्जर भवन, शौचालयों की कमी और शिक्षकों के रिक्त पदों का मुद्दा उठाया। सदस्यों ने कहा कि कई विद्यालयों में बच्चे घर से पानी की बोतल लाने को मजबूर हैं।

### छह माह बाद बैठक, समाधान पर सवाल

विवेक पटेल ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की समस्याओं को लेकर लगातार पत्राचार के बावजूद छह माह तक समीक्षा बैठक नहीं हुई। उन्होंने ठोस कार्ययोजना के बजाय कागजी आंकड़े प्रस्तुत किए जाने पर नाराजगी जताते हुए समिति की सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की और बैठक का बहिष्कार कर दिया। जनप्रतिनिधियों ने विभागीय दावों और स्कूलों की मैदानी स्थिति में अंतर दूर कर जल्द सुधार की मांग की।

## जबलपुर-गया के बीच पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन के 3-3 फेरे

**जबलपुर।** पितृपक्ष में गया जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने जबलपुर-गया-जबलपुर पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन (01701/01702) को तीन-तीन ट्रिप चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन के लिए 10 सितंबर 2026 से कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों एवं आईआरसीटीसी के माध्यम से आरक्षण शुरू होगा। गाड़ी संख्या 01702 गया-जबलपुर स्पेशल 28 सितंबर, 3 एवं 8 अक्टूबर को गया से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी एवं सिहोरा रोड होते हुए अगले दिन सुबह 8:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-गया स्पेशल 29 सितंबर, 4 एवं 9 अक्टूबर को रात 9:25 बजे जबलपुर से रवाना होकर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड होते हुए अगले दिन दोपहर 2:30 बजे गया पहुंचेगी। ट्रेन में 4 सामान्य, 12 शयनयान, 4 वातानुकूलित तृतीय, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी तथा 2 एलएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अग्रिम आरक्षण कराने और विस्तृत समय-सारिणी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट अथवा एनटीईएस ऐप देखने की अपील की है।

# हाईकोर्ट की नई वेबसाइट में तकनीकी खामियों पर गंभीर नाराजगी

*न्यायिक समय बर्बाद होने पर आईटी स्टाफ की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, सात दिन में जांच रिपोर्ट तलब*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की नई वेबसाइट में लगातार आ रही तकनीकी दिक्कतों पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने गंभीर नाराजगी जताई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनिंद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने एक आदेश में कहा कि वेबसाइट ई-हियरिंग को सपोर्ट नहीं कर रही है और इसमें कई तकनीकी गड़बड़ियां हैं। इन खामियों के कारण न्यायिक समय बर्बाद हुआ। कोर्ट ने कहा कि वेबसाइट के संबंध में आईटी स्टाफ की अक्षमता को गंभीरता से लिया जा रहा है। आदेश में मुख्य न्यायाधीश से संबंधित आईटी स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा गया है।

### सात दिन में बताने होंगे कारण

पीठ ने रजिस्ट्रार (आईटी-सीएसए) केएस कुशवाहा को विस्तृत जांच कराने और यह बताने के निर्देश दिए कि हाई कोर्ट के कामकाज में बाधा क्यों उत्पन्न हो रही है। दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई कर सात दिन के भीतर पीठ को रिपोर्ट देने को कहा गया है। कोर्ट ने हाई कोर्ट के आईटी सिस्टम की स्वतंत्र जांच के लिए टीसीएस, इंफोसिस या एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के विशेषज्ञों की टीम गठित करने का निर्देश दिया है। टीम में भारत सरकार के सी-डॉट और मासकॉम के अधिकारी भी शामिल किए जा सकते हैं। तीसरे पक्ष का यह ऑडिट 30 दिन में पूरा कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी।

## भोपाल में लाठीचार्ज के बाद बढ़ा आक्रोश, इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी जारी

# जूनियर डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन आंदोलन आज से, नियमित ओपीडी और इलेक्टिव ओटी का बहिष्कार

**जबलपुर।** इंटर्न डॉक्टरों की लंबित मांगों के समर्थन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। जेडीए के आह्वान पर 9 सितंबर से रेजिडेंट डॉक्टर नियमित ओपीडी और इलेक्टिव ओटी सेवाओं का बहिष्कार करेंगे। हालांकि मरीजों की सुविधा को देखते हुए इमरजेंसी और अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया है।



### भोपाल में लाठीचार्ज से बढ़ा रोष

जेडीए पदाधिकारियों के अनुसार इंटर्न डॉक्टरों की मांगों को लेकर शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इसी बीच भोपाल में मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे युवा डॉक्टरों पर वॉटर कैनन और लाठीचार्ज की कार्रवाई के बाद चिकित्सा समुदाय में नाराजगी और बढ़ गई है। जबलपुर जेडीए ने इसे लेकर भी विरोध जताया है।

### गंभीर मरीजों का इलाज जारी रहेगा

आंदोलन के दौरान इमरजेंसी सेवाओं को बहिष्कार से बाहर रखा गया है। जेडीए का कहना है कि गंभीर मरीजों के उपचार में किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाएगी। नियमित ओपीडी और वैकल्पिक ऑपरेशन प्रभावित होने की स्थिति में अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

जेडीए अध्यक्ष डॉ. दीपक त्रिपाठी ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य मरीजों को परेशान करना नहीं, बल्कि युवा डॉक्टरों की जायज मांगों को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इंटर्न डॉक्टरों की मांगों पर ठोस और संतोषजनक निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा। जेडीए ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से तत्काल संवाद शुरू कर समस्या का समाधान निकालने की अपील की है। आंदोलन के निर्णय में अध्यक्ष डॉ. दीपक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर पाण्डेय, डॉ. पारसिंह, डॉ. खुशी राम, महासचिव डॉ. राजेन्द्र, यूजी प्रतिनिधि डॉ. प्रज्ज्वल तिवारी, डॉ. शोभित तिवारी और डॉ. नीतेश नागर सहित कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति बताई गई है।

## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में 94 प्रत्याशी बाहर

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना में एलिमिनेशन राउंड का 22वां दिन पूरा हो गया। कुल 122 प्रत्याशियों में से अब तक 94 चुनाव से बाहर हो चुके हैं। शुक्रवार

22वें एलिमिनेशन राउंड के बाद सात ने पार किया निर्धारित कोटा

को क्रमांक 70 डा. प्रवीण तिवारी (रीवा) और क्रमांक 102 शेख अलीम (इंदौर) के मतों की गणना के बाद दोनों एलिमिनेट हुए। निर्धारित कोटा पार करने वाले सात प्रत्याशियों में राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, आर.के. सिंह सैनी, विवेक सिंह, संदीप मेहता, नित्यानंद मिश्रा और हितोषी जय हार्डिया शामिल हैं। इन्हें प्रक्रिया पूरी होने पर निर्वाचित माना जाएगा। मतगणना में पुरुष प्रत्याशियों में नरेन्द्र कुमार जैन, मनीष तिवारी, जितेन्द्र कुमार शर्मा, गौरख मिश्रा और अखंड प्रताप सिंह बढ़त में हैं। महिला आरक्षण के कारण अंतिम पांच महिला प्रत्याशियों का समीकरण भी परिणाम में महत्वपूर्ण रहेगा।

# बैगा गांवों में जन चौपाल, समस्याओं पर अफसरों को फटकार

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बालाघाट के बिरसा विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम घुम्मुर और मछुरदा में विशेष शिविर-सह-जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल, वनाधिकार पट्टे, रोजगार और आजीविका से जुड़े मामलों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने कहा कि बैगा जनजाति के पात्र परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए विभाग सैचुरेशन मोड में समन्वय से काम करें। वनाधिकार पट्टों के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए डीएफओ को निर्देश दिए गए। मछुरदा में किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर प्राथमिक सहकारी संस्था बिठली के सहायक प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की समीक्षा में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पेयजल व्यवस्था में लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा पशुओं का टीकाकरण नहीं होने पर उप संचालक पशुपालन के विरुद्ध भी कार्रवाई हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। चौपाल में बकरी पालन, मुर्गी पालन सहित स्वरोजगार के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिए गए और आधार अपडेशन भी किया गया। संभागायुक्त ने पात्र बैगा परिवारों को आहार अनुदान योजना का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। जन चौपाल से पहले धनंजय सिंह ने पीएचसी घुम्मुर और हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का निरीक्षण कर टीकाकरण, मरीजों को मिल रही सुविधाओं तथा वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम की जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर कुमार सत्यम, सीसीएफ गौरव चौधरी और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तनुश्री मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240